**RADIANT ACADEMY**
**(AFFILIATED TO CBSE)**
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
**RADIANT ACADEMY**
**(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)**
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच







वर्ष : 27 | अंक : 160 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 31 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


## ब्लैक सैटरडे : सड़क हादसों में 8 की मौत

### ट्रेक्टर व कार में भिड़ंत, तीन की मौत



**बुलंदशहर (एजेंसी)।** अलीगढ–गाजियाबाद नेशनल हाइवे पर आज सुबह थाना सिकंदराबाद क्षेत्रान्तर्गत जोखाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के गोपाल पुर गेट के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली पाइप लेकर जा रही थी।जिसका टायर फट गया। इसके कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया, तभी पीछे से आ रही एक ईको वैन ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गयी। जिसमें ईको वैन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई है।

वैन में सवार दो लोग व एक स्कूटी सवार को भी चोट लगी हैं। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। शनिवार की सुबह सिकंदराबाद क्षेत्रान्तर्गत जोखाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के गोपाल पुर गेट के पास एक ट्रैक्टर ट्राली पाइप लेकर जा रही थी। फ्लाईओवर के ऊपर जिसका टायर फट गया।

ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। पीछे से आ रही इको वैन पाइप से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि कार सवार दो लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने वैन में फंसे शव एनएचएआई कर्मियों की टीम की सहायता से बाहर निकलवाए। क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि कार में चालक दीनानाथ पुत्र सीताराम निवासी गांव दुकराना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर, अमित शर्मा पुत्र सुभाष गांव उमरपुर पहासू, सचिन व दीपक पुत्रगण नन्नू गांव पहासू खुर्जा देहात व अजय शर्मा सवार थे। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

### चालक समेत पांच की मौत, 8 घायल

**हरदोई (एजेंसी)।** बरात से लौट रही कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई, जिसमें चालक समेत पांच की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घायलों को मेडिकल कॉलेज स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम से नीरज की बरात मझिला क्षेत्र के कुसमा गांव गई थी। शुक्रवार की रात वैवाहिक कार्यक्रमों को निपटाने के बाद शनिवार सुबह एक कार बरातियों को लेकर वापस लौट रही थी।

सात सीट वाली कार में 13 लोग सवार थे। साथ ही कार की गति भी अधिक थी और वह अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें पाली के पटियानीम निवासी कार चालक रामू राठौर के साथ ही जितेंद्र और भाई आकाश, सिद्धार्थ, जौहरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नीरज, रंजीत, उदयवीर, रामवली, अनिल, गोविंद, अमन, नन्हू गंभीर रूप से घायल हो गए।

## देश के सभी हाईकोर्ट के लिए आदर्श बना इलाहाबाद उच्च न्यायालय : सीजेआई

### अधिवक्ता चेंबर व मल्टीलेबल पार्किंग का उद्घाटन




**प्रयागराज (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता चैंबर और मल्टीलेवल पार्किंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ समेत सुप्रीम कोर्ट के कई न्यायाधीश और केंद्रीय कानून राज्य मंत्री मौजूद रहे। इस मौके पर चैंबर आवंटन पोर्टल भी लॉन्च किया गया।

इस मौके पर मुख्य न्यायधीश भूषण राय गवई ने कहा कि 1973 से पहले जब मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों के बीच में टकराव होता था तो मौलिक अधिकार को वरीयता दी जाती थी। लेकिन 1974 केशवनाथ भारती का मामला आया जिसमें बुनियादी संरचना का सिद्धांत दिया गया। इस सिद्धांत का अनुसरण करते हुए 50 साल हो गया है। बार और बेंच को बिना साथ लेकर चले हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। यह निर्माण कार्य सभी हाईकोर्ट के लिए आदर्श है। इससे प्रेरणा लिया जा सकता है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग के साथ अधिवक्ता चैंबर और कैफेटेरिया की सुविधा है। अधिवक्ताओं के चैंबर वातानुकुलित चैंबर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय भाजपा उत्तर प्रदेश की सत्ता में आई थी उस समय यूपी के दस जनपद ऐसे थे जहां जिला अदालत नहीं था। फूड कोर्ट के साथ पार्किंग की सुविधा भी मिलनी चाहिए। सात जनपदों में न्यायालय के लिए 1700 करोड़ रुपया स्वीकृत किया गया है। इंटीग्रेटेड कोर्ट काम्प्लेक्स में सभी सुविधाएं मिलेगी।

## ठेके पर कार्यरत सेल्समैन को बुरी तरह पीटा

### आबकारी इंस्पेक्टर पर लगा आरोप, डीएम ऑफिस पर प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शराब की बोतल में ओवर रेटिंग को लेकर आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर पर सेल्समैन को बुरी तरह से पीटने का आरोप लगाया है।



पीड़ित सेल्समैन महेश कुमार ने बताया कि वह जगत फार्म में शराब की मॉर्डन शॉप में कार्यरत है। उसने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर चंद्रशेखर ने उस पर ओवर रेटिंग का आरोप लगाकर दुकान के पास लाठियों से बुरी तरह पीटा। इसके बाद वे गाड़ी में लेकर डेल्टा–।।। स्थित कार्यालय पर ले गए। वहां पर उन्होंने जबरन शराब पिलाकर बुरी तरह पीटा जिससे उसके पैर व पेट के पास काफी चोटें आई हैं।

उसका आरोप है कि अक्सर आबकारी विभाग के स्टाफ उगाही करने के मकसद से दुकान पर आ धमकते हैं तथा मारपीट की धमकी देते रहते हैं। पैसे न देने पर मारपीट करते हैं।

इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

इस घटना से पीडित के परिजनों में काफी आक्रोश है तथा उन्होंने दोषी आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## 16वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी में 16वीं मजिल से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना बिसरख पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 20 वर्षीय आर्यन शर्मा, पुत्र रामानंद शर्मा के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के बरेली के अनुरोधपुर बहेरी का निवासी था। जानकारी के मुताबिक, आर्यन गौर सिटी सेंटर के एक अपार्टमेंट में था। वह तीसरी मंजिल पर आकर गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया सेल ने कहा कि घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आर्यन अकेले था या किसी अन्य व्यक्ति के साथ। साथ ही, आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए मृतक के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है।

पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या का मामला माना है, लेकिन अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल की जा रही है। नोएडा पुलिस ने कहा, 'हम इस मामले की गहन जांच कर रहे हैं जिससे घटना के पीछे की सटीक वजह सामने आ सके।'

## मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार



### ईको कार, 2 मोबाइल, 2 तमंचे, नकदी व आधार कार्ड बरामद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा–2 पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया है।

थाना बीटा–2 पुलिस ने एनआरआई कट परिचौक के पास चैकिंग की जा रही थी, तभी सामने से आ रही ईको गाडी को रूकने का ईशारा किया गया तो वह नहीं रूके तथा तेजी से गाडी चलाते हुये भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल द्वारा शक होने पर गाडी का पीछा किया गया तो अपने आप को घिरता देख गाडी में सवार तीन बदमाश गाडी से उतरते हुये भागने का प्रयास करने लगे तथा पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस बल द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। जिसकी पहचान आकाश पुत्र राजू सिह निवासी ग्राम भदेदू थाना राजपुर जिला चित्रकूट हालपता किराये का मकान भंगेल थाना फेस 2 नोएडा गौतमबुद्धनगर के रूप में हुयी है। अन्य दो बदमाशों को पुलिस द्वारा कॉबिंग के दौरान **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## "AI से डरो नहीं, डटकर मुकाबला करो : अमिताभ अग्निहोत्री

### पत्रकारिता दिवस पर नोएडा मीडिया क्लब में संगोष्ठी, कई पत्रकार हुए सम्मानित




**नोएडा (चेतना मंच)।** आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस (AI) से पत्रकारों को डरने की जरूरत नहीं है। बल्कि इसका डटकर मुकाबला करें। यह तभी संभव हो पाएगा जब अपने ज्ञान, अनुभव से आप AI से बेहतर परिणाम दे सकेंगे। इस चुनौती से निपटने के लिए पत्रकार को अपने आपको AI से श्रेष्ठ साबित करना होगा।

उन्होंने कहा कि AI से खतरा सिर्फ उन्हीं पत्रकारों को होगा जो मीडियोकर हैं यानी जिनका ज्ञान, सोच व कार्यप्रणाली मच्छिका स्थाने मच्छिका है जो अपना ज्ञानवर्धन कर वक्त के साथ बदलकर श्रेष्ठ कर पाएंगे। वहीं AI के समक्ष टिक पाएंगे। यह बात कही वरिष्ठ पत्रकार तथा टीवी–9 भारतवर्ष के सलाहकार संपादक अमिताभ अग्निहोत्री ने। वे सेक्टर–29 गंगा शॉपिंग काम्प्लेक्स स्थित नोएडा मीडिया क्लब सभागार में पत्रकारिता दिवस पर आयोजित गोष्ठी में बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी का विषय था 'पत्रकारिता की चुनौतियां'।

वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री ने कहा कि आज के समय में पत्रकार चौतरफा दबाव में काम कर रहे हैं, ऐसे में अपने अंदर की पत्रकारिता को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती है।

मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए भारत के रक्षामंत्रालय के पूर्व सचिव तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव रहे रिटायर्ड आईएएस अधिकारी डॉ योगेंद्र नारायण ने कहा कि मौजूदा समय में पत्रकारिता क्षेत्र में भारी चुनौतियां हैं। एआई तकनीकी आने के बाद पत्रकारों के नौकरियों पर संकट आया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को नई तकनीकी से लगातार **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## निराश्रित नाबालिग बच्चों का बनेगा आधार कार्ड : एडीजे



**नोएडा (चेतना मंच)।** जला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर के तत्वावधान में साथी अभियान के तहत जनपद न्यायालय स्थित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जिला साथी इकाई के सदस्यों के साथ विगत दिवस बैठक आहूत की गयी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर के सचिव/अपर जिला जज चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में निराश्रित नाबालिग बच्चों के लिए साथी टीम, आधार कार्ड बनवाने में मदद करेगी।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर ने इसके लिए जिला प्रोबेशन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व टीम के साथ– साथ पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवकों को संयुक्त रुप से जिम्मेदारी सौंपी हैं, जिसका उद्देश्य आधार नामांकन, विधिक सहायता और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर पूरे जनपद में निराश्रित बच्चों की पहचान करने और उन्हें सहायता प्रदान करना होगा। इस अभियान का उद्देश्य उन बच्चों के लिए आवश्यक सरकारी लाभ, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में अंतर को पाटना है जिनके पास आधार कार्ड नहीं हैं।

सचिव/अपर जिला जज ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेसहारा बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करना और सामाजिक कल्याण **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# दिल की धड़कन

हाल के वर्षों में उन तमाम घटनाओं ने हर आम भारतीय को विचलित किया, जिसमें हमने लोगों को खेलते वक्त, दफ्तर में काम करते समय, मंच पर नृत्य करते अचानक बेहोश होकर गिरते देखा। इसे साइलेंट हार्ट अटैक के रूप में देखा गया। तुरत-फुरत अस्पताल ले जाने के बाद पता चला कि उस व्यक्ति की तो मृत्यु हो चुकी है। तब कुछ लोगों ने वैक्सीन के दुष्प्रभावों का जिक्र किया, लेकिन कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया। लेकिन अब एक भारतीय शोध में इस अचानक दिल की धड़कन बंद होने की वजह का पता लगाने का दावा किया गया है। यह तथ्य आईआईटी इंदौर और आईसीएमआर के सहयोग से किए गए नये शोध में सामने आया है। शोध बताता है कि कोविड-19 का डेल्टा वैरिएंट पिछले दिनों की साइलेंट हार्ट अटैक की घटनाओं की वजह बना है। साथ ही कुछ लोगों में थायराइड के अनियंत्रित होने की वजह भी इसी वैरिएंट को बताया गया है। बताया जाता है कि हाल ही में, यह शोध 'जर्नल ऑफ प्रोटिओम रिसर्च' में प्रकाशित हुआ है। यह खुलासा ऐसे समय में हो रहा है जब कोविड-19 के एक नये वैरिएंट ने एशिया और अमेरिकी देशों में लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। भारत में भी कुछ मौतों के साथ इसके संक्रमण के बढ़ते मामले दर्ज किए जा रहे हैं। दरअसल, आईआईटी इंदौर और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के साझे प्रयास से हुए शोध में 3134 मरीजों के जुटाए डेटा का उपयोग करके इसे अंजाम दिया गया। जिसमें कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर के दौरान मूल वैरिएंट, अल्फा, बीटा, गामा व डेल्टा वैरिएंट से संक्रमित रोगियों के शरीर के रसायनों में विभिन्न बदलावों से जुड़े डेटा का विश्लेषण किया गया। इसमें शारीरिक रसायनों में आए बदलाव के साथ ही स्पाइक प्रोटीन के संपर्क में आने वाले फेफड़ों और कोलन सेल का भी विश्लेषण किया गया। हालिया शोध में शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि डेल्टा वैरिएंट ने हार्मोन संतुलन बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभायी। दरअसल, शोध में पाया गया कि डेल्टा वैरिएंट के चलते मानव शरीर में रासायनिक असंतुलन पैदा हुआ था। फलतः कैटेकोलामाइन और थायराइड हार्मोन पैदा करने की प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न हुआ। जिसकी वजह से कोविड से उबरे लोगों में कालांतर साइलेंट हार्ट अटैक और थायराइड में व्यवधान की स्थितियां पैदा हुई। इसी हालिया अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ कि कोरोना के शिकार हुए लोगों में स्वस्थ होने के बावजूद, उनके शरीर में यूरिया और अमीनो एसिड मेटाबोलिज्म में व्यवधान होने की पुष्टि भी हुई है। दरअसल, अचानक होने वाली मौतों, जिसे आमतौर पर साइलेंट हार्ट अटैक कहा जाता है, में वे लक्षण नहीं दिखाई देते जो सामान्यतः हार्ट अटैक होने पर नजर आते हैं। मसलन बेचैनी, पसीना आना, सीने में दर्द होना और सांस फूलने जैसे लक्षण दिखाई नहीं दिए। इसमें व्यक्ति कटे पेड़ की तरह अचानक नीचे गिर जाता है, जब तक उसके उपचार की कोशिश होती है तब तक पता चलता है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। दरअसल,यह स्थिति कार्डियक अरेस्ट से भिन्न है, जिसमें दिल की धड़कन बंद होती है। चिकित्सक इस स्थिति से बचाव के लिये नियमित आधे घंटे टहलने, गैर-संक्रामक रोगों मसलन उच्च रक्तचाप व मधुमेह पर नियंत्रण, तली-भुनी चीजों व डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों से परहेज, सिगरेट-शराब से तौबा करने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही साइलेंट हार्ट अटैक आने पर उसे तुरंत कार्डियो पल्मोनरी रिसैसिटेशन यानी सीपीआर देने की राय दे रहे हैं। जिसे लगातार देने से जान बचाने की कोशिश की जा सकती है। जिसको लेकर समाज में जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है, क्योंकि रोगी की जान बचाने में सहायक साबित हो सकता है। जिसके बाद आपातकालीन चिकित्सा सुविधा किसी हद तक मददगार साबित हो सकती है। निस्संदेह, शोध के निष्कर्ष सचेतक और मार्गदर्शक हैं। सुखद यह भी है कि यह शोध भारतीय परिवेश में डेल्टा वैरिएंट के प्रभाव से उपजे साइलेंट हार्ट अटैक को लेकर दृष्टि को स्पष्ट करता है। जिसका लाभ भविष्य में नये वैरिएंट के प्रभावों का विशद् अध्ययन करने में भी हो सकता है।

# आपरेशन सिंदूर और शल्यवादी विपक्ष

महाभारत संग्राम में एक सिद्धांत निकल कर आया 'शल्यवाद।' माद्रीपुत्र नकुल-सहदेव के मामा माद्रा (मद्रदेश) के राजा शल्य थे। महाभारत में पाण्डवों के पक्ष में युद्ध करने आए शल्य का दिल अतिथि सत्कार से जीत कर दुर्योधन ने छल से उन्हें अपने खेमे में कर लिया। उन्होने कर्ण का सारथी बनना स्वीकार किया और कर्ण की मृत्यु के पश्चात् युद्ध के अंतिम दिन कौरव सेना का नेतृत्व भी किया और युधिष्ठिर के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। वे कर्ण के सारथी तो बन गये किन्तु उन्होंने युधिष्ठिर को यह भी वचन दिया कि वे चाहे खड़े कौरव सेना के साथ दिखेंगे परन्तु युद्ध पाण्डवों के पक्ष में ही लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने अपने वचनों से कौरवों को ही हतोत्साहित करना शुरू किया। अपने ही लोगों का मनोबल तोडऩे की नीति 'शल्यवाद' कहाती है। वर्तमान में आपरेशन सिंदूर के बाद भारत का विपक्ष भी इसी शल्यवादी की नई परिभाषा लिखता दिखाई दे रहा है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए आपरेशन सिंदूर के दौरान विपक्षी दलों ने चाहे देश व सरकार के साथ एकजुटता जताने की बात कही परन्तु पूरे आपरेशन के दौरान विपक्षी नेताओं की कंटीली जिव्हा देश को मर्माहत करती रही।

'आपरेशन सिन्दूर' को लेकर सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस ने 'आपरेशन' के स्थगित होने के बाद जो कुछ कहा है वह सबकुछ उसकी एकजुटता की प्रतिबद्धता के विपरीत दिखाई देता है। आपरेशन स्थगित होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जो कहा है वह दुश्मन देश को सांत्वना देने वाला था। इसलिए वहां के मीडिया ने उसे हाथों हाथ लपका। खड्गे ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' को एक छोटी-मोटी झड़प बताया वहीं राहुल गांधी ने विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा 'आपरेशन सिन्दूर' को लेकर दिये बयानों पर पलटवार करते हुए जो कहा उससे उनकी अपनी और कांग्रेस पार्टी की छवि ही कमज़ोर हुई। कांग्रेस नेता ने 'ऑपरेशन सिन्दूर के संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की एक कथित टिप्पणी को लेकर कहा कि यह 'पाप' है और 'सिन्दूर का सौदा' है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्री को जवाब देना चाहिए। राहुल ने तो यहां तक पूछा कि हमने कितने भारतीय विमान गंवा दिए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से पता था। उन्होंने कहा कि देश को सच जानने का पूरा हक है।

कांग्रेस और राहुल गांधी ने जयशंकर के एक बयान का वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया है कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमलों से पहले, भारत सरकार ने पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया था। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों



'ऑपरेशन सिन्दूर' के स्थगित होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र बीकानेर के पलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी।

को गलत बताया था कि विदेश मंत्री जयशंकर ने सात मई को 'ऑपरेशन सिन्दूर' शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सुचेत किया था।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश मंत्री के बयान पर कुछ सवाल पूछे हैं। यह बहुत अहम है, क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलग-अलग देशों में एक बात दोहराते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाने के लिए मध्यस्थता की। ट्रंप ने एक बहुत खौफनाक बात यह भी बोली कि उन्होंने भारत को व्यापार रोकने की धमकी देकर युद्ध रुकवाया। यानी 'सिन्दूर का सौदा' होता रहा, प्रधानमंत्री चुप रहे। विदेश मंत्री के मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा है।

'ऑपरेशन सिन्दूर' के स्थगित होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र बीकानेर के पलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा, न टॉक, अब तो सिर्फ पीओके पर बात होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार पाकिस्तान को सीधे चेताया और भविष्य में आतंकी गतिविधियों पर आरपार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी परन्तु वह इस एयरबेस को रत्तीभर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी का दिमाग ठंडा रहता है, लेकिन लहू गर्म रहता है और अब तो मोदी की नसों में गर्म सिंदूर बह रहा है। उन्होंने साफ कहा कि भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को अब महंगा पड़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' को लेकर भावनाओं को स्वयं रचित कविता में किया-जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, उनसे हर कतरे का हिसाब चुकाया है। जो सोचते थे भारत चुप रहेगा, आज वो घरों में दुबके पड़े हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वो मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। यह शोध-प्रतिशोध का खेल नहीं, यह न्याय का नया स्वरूप है। यह 'ऑपरेशन सिन्दूर' है। यह सिर्फ आक्रोश नहीं है, यह समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर किया था वार, अब सीधा सीने पर किया है प्रहार। आतंक का फन कुचलने की, यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है, नया भारत है।

मोदी ने बीकानेर में देशवासियों को संबोधित करते हुए जो कहा, उस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री से पूछा कि 'आपका खून हमेशा कैमरे के सामने ही क्यों खौलता है?' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी, हल्के भाषण देना बंद कीजिए। आपने भारत के सम्मान के साथ समझौता किया है। आपने ट्रंप के आगे झुककर भारत के हितों का त्याग क्यों किया? आतंकवाद पर पाकिस्तान के बयान का आपने भरोसा क्यों कर लिया? इससे पहले कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बार फिर फिल्मों की तरह खोखले डायलॉग का सहारा लिया है।

देश में एक तरफ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जब विश्व का दौरा कर 'ऑपरेशन सिन्दूर' तथा भारत की आतंकवाद के प्रति नीति और पाकिस्तान द्वारा 'ऑपरेशन सिन्दूर' के प्रति किये जा रहे दुष्प्रचार का जबाव देने निकले हुए हैं, ऐसे समय में देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके नेताओं के जो बयान आ रहे हैं वह देशहित में नहीं। यह विपक्ष की शल्यवादी नीति नहीं तो और क्या है? दुश्मन देश पाकिस्तान विपक्षी दलों के नेताओं विशेषतया कांग्रेस व उसके नेताओं द्वारा दिए बयानों को आधार बनाकर अपने हित में उनका प्रयोग कर रहा है। लगता है कि शायद कांग्रेस को यह आशंका है कि राजनीतिक रूप से 'ऑपरेशन सिन्दूर' की सफलता का श्रेय मोदी व उनके सहयोगी भाजपा लेगी पर क्या कांग्रेस यह बताने का प्रयास करेगी कि वे 1971 में पाकिस्तान पर हुई भारत की एतिहासिक जीत का श्रेय इंदिरा गांधी को क्यों देते रहे हैं? क्यों उसका इको सिस्टम श्री अटलबिहारी वाजपेयी के मुंह से इंदिरा को जबरन 'दुर्गा' कहलवाता रहा है? काठ की हाण्डी एक बार आंच पर चढ़ती है, बार-बार नहीं, शल्यवाद भी अब दोबारा चलने वाला नहीं है।

**- राकेश सैन**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे नरपति! मैं यदि रसोई बनाऊँ और तुम उसे परोसो और मुझे कोई जानने न पावे, तो उस अन्न को जो-जो खाएगा, सो-सो तुम्हारा आज्ञाकारी बन जाएगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**पुनि तिन्ह के गृह जेवँइ जोऊ। तव बस होइ भूप सुनु सोऊ॥**
**जाइ उपाय रचहु नृप एहू। संबत भरि संकलप करेहू॥**

यही नहीं, उन (भोजन करने वालों) के घर भी जो कोई भोजन करेगा, हे राजन! सुनो, वह भी तुम्हारे अधीन हो जाएगा। हे राजन! जाकर यही उपाय करो और वर्षभर (भोजन कराने) का संकल्प कर लेना॥

**दो0-नित नूतन द्विज सहस सत बरेहु सहित परिवार।**
**मैं तुम्हरे संकलप लगि दिनहिं करबि जेवनार॥**

नित्य नए एक लाख ब्राह्मणों को कुटुम्ब सहित निमंत्रित करना। मैं तुम्हारे सकंल्प (के काल अर्थात एक वर्ष) तक प्रतिदिन भोजन बना दिया करूँगा॥

**एहि बिधि भूप कष्ट अति थोरें। होइहहिं सकल बिप्र बस तोरें॥**
**करिहहिं बिप्र होममख सेवा। तेहिं प्रसंग सहजेहिं बस देवा॥**

हे राजन! इस प्रकार बहुत ही थोड़े परिश्रम से सब ब्राह्मण तुम्हारे वश में हो जाएँगे। ब्राह्मण हवन, यज्ञ और सेवा-पूजा करेंगे, तो उस प्रसंग (संबंध) से देवता भी सहज ही वश में हो जाएँगे॥

(क्रमश:... )

# मणिपुर में अभी भी असंतोष

मणिपुर में बहुत समय से अशांति है। उस अशांति ने सैकड़ों लोगों की जान ले ली और और उसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन. वीरेन सिंह के मंत्रिमंडल की बलि भी ली। समाज शास्त्री कहते हैं कि संकट काल में किसी बहुमूल्य चीज की बलि देकर बडे नुकसान को रोकने की कोशिश की जाती है। मणिपुर में भी भारतीय जनता पार्टी ने शायद इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपने मंत्रिमंडल की बलि दी होगी। लेकिन जिस शांति की आशा में यह बलि दी गई थी, वह पूरी होती नहीं लगती। शांति क्यों नहीं हो पा रही, यह रहस्य तभी खुलेगा जब यह पता चल जाए कि अशांति का क्या कारण है? यदि अशांति का सही कारण ही पकड़ में नहीं आएगा तो शांति कैसे स्थापित हो सकती है? पूर्वोत्तर भारत में हो रही इस अशांति को समझने की कोशिश उत्तर भारत में अनेक विद्वान करते भी रहते हैं। मामले को आगे बढ़ाने से पहले मणिपुर को सरसरी तौर पर समझना होगा। मणिपुर की राजधानी इंफाल है जिसे भूगोल के विद्वान इंफाल घाटी कहते हैं, क्योंकि यह मैदानी इलाका चारों ओर से पहाडि़यों से घिरा हुआ है। इंफाल घाटी में जो लोग रहते हैं, उनको मैतेयी कहा जाता है। पहाडि़यों पर लगभग चालीस पचास विभिन्न समुदायों के लोग रहते हैं। कुछ उत्तरी पहाडि़यों में और कुछ दक्षिणी पहाडि़यों में। उत्तरी पहाडि़यों में रहने वाले ये पहाड़ी नागा कहे जाते हैं और दक्षिणी पहाडि़यों पर रहने वाले समुदाय कुकी के नाम से जाने जाते हैं। वैसे कुकी कहे जाने वाले समुदाय अपने आपको कुकी कहलवाना पसंद नहीं करते, क्योंकि मैदानी बंगालियों ने पहाड़ में रहने वालों को पहाड़ी न कह कर कुली कहना शुरू कर दिया था जो बाद में कुकी में बदल गया। भारत सरकार ने पहाड़ पर रहने वाले इन सभी समुदायों को एसटी का दर्जा दिया हुआ है। लेकिन एक और कानून भी है। एसटी तो घाटी में जमीन खरीद सकता है, लेकिन घाटी पर रहने वाला मैतेयी पहाड़ पर जमीन नहीं खरीद सकता। जनसंख्या के हिसाब से घाटी के मैतेयी की संख्या 53 फीसदी है और पहाडि़यों की 36 फीसदी है। जहां तक क्षेत्रफल का मामला है, मणिपुर का कुल क्षेत्रफल 8621 वर्ग मील है। इसमें से इंफाल घाटी का क्षेत्रफल केवल 700 वर्ग मील है, बाकी सारा इलाका पहाड़ का है। यानी 700 वर्ग मील में प्रदेश की 53 फीसदी जनता रहती है और शेष लगभग 8000 वर्ग मील पहाड़ी इलाके में 36 फीसदी जनता रहती है। पहाड़ के विभिन्न समुदाय आपस में लड़ते भिड़ते भी रहते हैं। खासकर उत्तरी पहाडि़यों पर बसी जातियों की दक्षिणी पहाडि़यों पर बसी जातियों से नहीं पटती। झगड़ा होता रहता है, कभी रंगदारी को लेकर और कभी जमीन कब्जाने को लेकर। दोनों पक्षों के लोग मरते भी रहते हैं। अंग्रेजी मीडिया के लोग इसे कुकी-नागा संघर्ष बताते हैं। कभी दक्षिणी पहाडि़यों पर बसी जनजातियां कुकीलैंड की बात चलाती हैं, तो उत्तरी पहाडि़यों की जनजातियां नागालिम के नाम पर नागालैंड के साथ इन पहाडि़यों को मिला देने की बात करते रहती हैं। लेकिन ये पहाड़ी लोग आपस में तो लड़ते रहते हैं, पर मैतेयी से इनका कभी झगड़ा नहीं हुआ। मैतेयी के दुख कम नहीं हैं। उनकी पहली मांग तो यही है कि उन्हें भी अपने ही प्रदेश की पहाडि़यों में जमीन खरीदने और रहने बसने का अधिकार मिलना चाहिए। यह तो छोटी मांग है। बड़ी मांग यह है कि मैतेयी को भी एसटी का दर्जा दिया जाए। यह पुरानी मांग है और भाषणों के काम आती रहती है। लेकिन मैतेयी समाज में ज्वाला तब भडक़ती है जब पहाड़ की कोई या कई जनजातियां मणिपुर का विभाजन करके उसमें से कुकीलैंड या नागालिम की मांग करती हैं। तब इंफाल घाटी धधकती है। मैतेयी बाकी सब कुछ सहन कर सकता है, लेकिन मणिपुर के विभाजन की बात सुन कर वह धडक़ता है। मणिपुर उसके लिए भावनात्मक ईकाई भी है। सनामही, पाखंबा मणिपुर के रक्षक देव हैं। केवल इंफाल घाटी के नहीं बल्कि पूरे मणिपुर के। इसी मणिपुर के काइना पर्वत पर एक तांखुल अम्मा ने ही तो गोविंदजी कान्हा का पालन पोषण किया था। मणिपुर की पर्वत उपत्यकाएं इसकी धमनियां हैं। 2001 में मैतेयी लोगों को थोड़ा सा संदेह हुआ था कि सरकार मणिपुर के विभाजन के बारे में विचार कर रही है तो पूरी घाटी धधक उठी थी। विधानसभा को अग्निदेवता के हवाले कर दिया था। लेकिन आश्चर्य तो इस बात का है कि 2023 में जो असंतोष की आंधी उठी उसका तो कोई कारण ही पकड़ में नहीं आ रहा। यह चिंगारी चुराचान्दपुर जिला में सुलगी थी। चुराचान्दपुर में खादौ और पाएते जनजातियों का बहुमत है। उस समय के राज्य के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह इसी जिला में एक जिम का उद्घाटन करने जा रहे थे।

लोगों ने उद्घाटन से पहले ही जिम और उद्घाटन स्थल जला दिया। वह जिम भी एक पाएते जनजाति के व्यक्ति का था और उसको जलाने वाले भी पाएते जनजाति के ही लोग थे। वहां मैतेयी कोई नहीं था। अलबत्ता जिम जलाने वालों ने यह जरूर कहा कि मुख्यमंत्री कई महीनों से नशा तस्करी के मामले में केवल उन्हीं के समुदायों को निशाना बना रहे हैं। जिम का झगड़ा पाएते लोगों का आपसी झगड़ा ही था। लेकिन इसकी इंफाल में प्रतिक्रिया हुई। यह रहस्य अभी तक समझ में नहीं आ रहा है कि किसी ने मणिपुर के विभाजन की बात नहीं की थी, फिर इंफाल में स्वतः स्फूर्त या प्रायोजित प्रतिक्रिया क्यों हुई। लेकिन जैसे ही यह प्रश्न जोर पकडऩे लगा तो एक दो मैतेयी ग्रुपों ने उत्तर देना शुरू किया कि मणिपुर उच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है कि मैतेयी को भी एसटी का दर्जा देने की सिफारिश राज्य सरकार केन्द्र सरकार से करे। इसलिए जनजातियां हिंसा पर उतारू हो गई हैं। यदि ऐसा होता तब तो उत्तरी और दक्षिणी पहाडि़यों पर रहने वाली सभी जनजातियों को विरोध में आना चाहिए था। लेकिन उत्तरी पहाडि़यों पर रहने वाली जनजातियां मसलन तांखुल, जेलियांगरोंग तो विरोध में नहीं आईं। केवल खादौ और पाएते इत्यादि जनजातियां ही हिंसा में सक्रिय हुईं। यदि केवल एसटी का ही मामला होता तब तो तांखुल और खादौ को एक साथ आना चाहिए था क्योंकि मैतेयी को एसटी का दर्जा मिलने से तो ये दोनों बड़ी जनजातियां सबसे ज्यादा प्रभावित होतीं। लेकिन तांखुल तो पूरी मारकाट से दूर ही रहे। मामला केवल मैतेयी बनाम कुकी बना। लेकिन असली बात तो यह है कि क्या ये दोनों समुदाय संघर्षरत थे या फिर अपने अपने समुदाय की आड़ में कुछ राजनीतिक प्राणी अपनी रोटियां सेंक रहे थे? इन प्रश्नों का उत्तर कई दशकों बाद ही मिलेगा जब मुख्य पात्र पर्दे से हट जाएंगे तो फिर उस समय के नौकरशाह ही परतें खोल देंगे। सभी समुदायों के लोग इस पूरी स्थिति से कितने दुखी थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब वीरेन सिंह की सरकार की बलि देकर राष्ट्रपति राज लागू किया तो मणिपुर में सभी लोग, चाहे वे मैदानी थे या पहाड़ी, एक स्वर से कह रहे थे पीआर इज गुड यानी प्रेजिडेंट रूल इज गुड। लेकिन लगता है बलि के बाद जो अनुष्ठान करने होते हैं, उनमें से एक बहुत ही संवेदनशील अनुष्ठान गलत हो गया।

पिछले दिनों उखरूल जिला जो तांखुल जनजाति का गढ़ है, के एक गांव में शरुई लिली पुष्प उत्सव का अवसर था। यह उत्सव दो साल बाद हो रहा था। यह उत्सव सारे मणिपुर की एकता का प्रतीक बन चुका है। दुनिया भर में यह फूल केवल इस गांव की पहाडि़यों पर उगता है। तांखुल लोग उत्सव की तैयारियों में जी जान से जुटे हुए थे।

**-कुलदीप चंद अग्निहोत्री, वरिष्ठ स्तंभकार**

# राशिफल

**ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष पंचमी**

**(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भावनाओं पर थोड़ा काबू रखें। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
ग्रह कलह के संकेत हैं लेकिन भौतिक सुख सम्पदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी प्रभावित दिख रहा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार अच्छा लेकिन निवेश अभी न करें।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
ओजस्वी तेजस्वी बने रहेंगे। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान ठीक-ठाक।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
कोर्ट कचहरी में जीत होगी। व्यापारिक विस्तार होगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगा। स्वास्थ्य पहले से अच्छी स्थिति में। प्रेम, संतान भी अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से पहले से बेहतर समय है

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। प्रेम, संतान मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शुभ समाचार मिलेगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति पहले से बेहतर होगी।

# भागवत कथा का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्रांतर्गत छौलस में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन टाटे राम बाबा शिव मंदिर में कौशल कृष्ण शास्त्री के मुखारबिंद से किया जा रहा है।

श्रीमद् भागवत कथा गांव के रणवीर सिंह प्रजापति, सतपाल सिंह लुहानियां, जयकिशन सैनी, दौरेंद्र राणा, सतीश शर्मा, उमा शंकर शर्मा,राजेंद्र प्रजापति,एवं समस्त ग्रामवासी आदि के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह श्रीमदभागवत कथा 3 जून 2025 तक चलेगी, 4 जून को प्रसाद वितरण के साथ समापन किया जाएगा।

# राष्ट्र निर्माण में अहिल्याबाई की भूमिका प्रेरक : डॉ. महेश शर्मा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम जेवर ब्लॉक एवं जेवर नगर पंचायत पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉ. महेश शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अमित चौधरी रहे।

नगर पंचायत कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर के शासन में जनता सुखी महसूस करती थी न्याय करने कराने में कोई कसर नहीं छोड़ती थीं और उन्होंने कहा पहले भी देश की देवियों ने राष्ट्र निर्माण के कार्य किए हैं और पहलगाम आतंकवादी घटना का बदला लेने के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी भारत की बेटियों को अप्रेशन सिन्दूर से आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया।




महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मोदी जी ने भारतीय संसद में आरक्षण देकर महिलाओं को मज़बूत करने का काम किया है। आज पूरा देश रानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती को पूरे देश में मई से 31 मई तक निरन्तर विभिन्न कार्यक्रमों से मना कर रानी अहिल्याबाई होलकर जी के शासन प्रशासन को हम सब याद कर रहे हैं। रानी अहिल्याबाई होलकर एक बुद्धिमान तीक्ष्ण सोच के शासक के रूप मे जानी जाती हैं 1767 से 1795 तक कलि विश्राम ग्रह कुंए सड़को के निर्माण के कार्य किये रानी अहिल्याबाई होलकर ने जनता के सुख को सर्वोपरि मानते हुए लोक कल्याण कारी कार्यों के साथ भारतीय सनातन संस्कृति के लिए मंदिर जीर्णोद्वार निर्माण घाट धर्मशाला बावड़ी आदि ऐतिहासिक कार्य किये ।

जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चल कर भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी सतपाल संजय रावत मंजीत सिंह चंदमणि भारद्वाज रोहित ठाकुर तिर्लोक सिंह कर्मवीर आर्य रविन्द्र शर्मा मोनू गर्ग अशोक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# रानी अहिल्याबाई का पराक्रम पूरा देश ने देखा था : त्रिपाठी

**भदोही ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में जनपद भदोही के विभिन्न जगहों पर नगर पंचायत और ब्लॉकों में पुण्श्लोका रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन उत्सव के संदर्भ में महत्वपूर्ण विषय पर आज कई स्थानों पर संगोष्ठी संपन्न हुई संगोष्ठी में उपस्थित पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी नगर पंचायत नई बाजार में कार्यकर्ताओं और जनता के बीच में संबोधन किया और कहा रानी अहिल्याबाई होलकर जिनका साहस और पराक्रम आज के 300 साल पहले पूरा देश और समाज देखा था। जिन्होंने अपने पराक्रम से मुगल आक्रांताओं को लोहा मनवाने का काम किया था मुगल आक्रांताओं के द्वारा पूरे भारत में जगह-जगह पर मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनवाने का काम किया था लेकिन रानी अहिल्याबाई होलकर वहीं पर सारे विषय को संज्ञान में लेते हुए हर मंदिर को जीर्णोद्धार कराकर उसे फिर से स्थापित करने का काम किया।

रानी अहिल्याबाई होल्कर बचपन से बहुत ही संघर्ष करके पली और बढ़ी थी और अपने जीवन में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किया था जिसके लिए हमारे देश के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रानी अहिल्याबाई होलकर के स्मृति में जन्म उत्सव 21 मई से 31 मई तक मनाने का संकल्प लिया है और हर जगह पर रानी अहिल्याबाई होल्कर का किए गए कार्यों की चर्चा की जा रही है इसी संदर्भ में ब्लॉक सभागार भदोही में एक कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां पर मुख्य अतिथि शैलेंद्र दुबे उपस्थित रहे इसके पहले ब्लॉक सभागार औराई में भी अहिल्याबाई होलकर के संबंधित कार्यक्रम संपन्न हुआ आज वहां के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बृजमोहन मिश्रा उपस्थित रहे आज जनपद में कई जगहों पर कार्यक्रम संपन्न हुआ वहीं पर रानी अहिल्याबाई होल्कर को लेकर के किए गए करों की प्रशंसा की गई।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने जनपद में कई कार्यक्रम किए गए मिश्रा ने कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विषय में कहा देश के इतिहास में पहली बार ऐसा कोई प्रधानमंत्री है जो रानी अहिल्याबाई होलकर के विषय की जानकारी जनता के बीच में साझा करने का काम किया है इसके पहले कई प्रधानमंत्री बने लेकिन अहिल्याबाई होलकर के विषय में कहीं जिक्र तक नहीं किया इतने बड़े कार्य करने के बावजूद इनका पन्नों से गायब किया गया लेकिन हमारे देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश के अंदर उनके प्रति किए गए कार्यों की सराहना लोग करते हुए इनको याद किया गया और सभी नारी शक्ति रानी अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा ले और समाज को संगठित करके चलने का संकल्प लें।

कार्यक्रम में जिले के संयोजक सुनील मिश्रा स्नेह लता श्रीवास्तव संजय सिंह बऊ दिलीप गुप्ता विनय कुमार वैश गोवर्धन राय जिला मीडिया प्रभारी भाजपा भदोही नंदलाल यादव राकेश गुप्ता प्रिया कुमार श्रीवास्तव आलोक मिश्रा संजय मिश्रा संजय सरोज निहाल सरोज पंडित सिंह अजय दुबे विनीत गढ़वाल सौरभ चौरसिया दीपक तिवारी दीपक तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

# रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताबादी जयंती पर दादरी ब्लॉक पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर मुख्य वक्ता प्रीति सिंह रही।

मुख्य अतिथि तेजपाल नागर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन बड़ी विषम परिस्थितियों में होते हुए भी उन्होंने अपने राज्य के विकास के साथ भारतीय संस्कृति के कार्य किये।

मुख्य वक्ता श्रीमति प्रीति सिंह ने कहा कि भारत के इतिहास में रानी अहिल्या बाई होलकर का जीवन गौरव से जुड़ा हुआ है उन्होंने अपने व्यक्तिगत दुखों की परवाह न करके जनता के सुख के लिए कार्य किया।

कार्यक्रम संयोजक बिजेंदर प्रमुख ने कहा कि समाज को रानी अहिल्या बाई होलकर जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नगराध्यक्ष राजीव सिंघल मंडल अध्यक्ष दादरी देहात संजय भाटी मंडल अध्यक्ष दादरी देहात मुख्य वक्ता प्रीति चौधरी अभिषेक कौशिक कपिल प्रधान मंच का संचालन गुरुदेव भाटी ने किया।

# डूब क्षेत्र में काटी कालोनी, गरीबों को ठगकर हुआ फरार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी काटने का कोई नया खेल नहीं है लेकिन एक ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें जेवर के गांव मंगरौली के रहने वाला एक व्यक्ति 2004 में कुलेसरा डूब क्षेत्र में गाटा संख्या 547 में लोगों को अवैध रूप से कॉलोनी काटकर गायब हो गया

एक तरफ जिला प्रशासन के आला अफसर जनपद के डूब क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी काटने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं उक्त व्यक्ति बड़े आराम से ढाई बीघे जमीन पर अवैध कॉलोनी काटकर और मोटी रकम वसूलकर यहां से चलता बना। हालांकि अब वहां बड़े-बड़े मकान बन गए हैं लेकिन इस मामले को लेकर कई लोगों ने जिला प्रशासन के आला अफसरों से जांच की मांग की है।

जिस तरह से मंगरौली निवासी उक्त व्यक्ति ने कॉलोनी काटकर और मोटी रकम लेकर फरार हो गया और गरीब लोग अपनी गाड़ी कमाई को लुटाकर बैठे हैं। लोगों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच की मांग की है।

# कोरोना ने नोएडा में पांव पसारे स्वास्थ्य विभाग वेंटीलेटर पर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में एक बार फिर कोरोना की रफ्तार बढने लगी है। स्वास्थ्य विभाग ने 19 लोगों में कोविड संक्रमण की पुष्टि की। इनमें 10 पुरुष और 9 महिलाएं शामिल हैं। अब मरीजों की संख्या 43 पहुंच गई है। इनमें से 21 पुरुष और 22 महिलाएं हैं। सभी होम आइसोलेशन किया गया हैं, जिनमें एक हफ्ते पहले कोविड की पुष्टि हुई थी, उनकी दोबारा जांच कराई जा रही है। लेकिन स्वास्थ्यविभाग ने अभी तक अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड नहीं बनाये हैं।

इस संबंध में एसीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि मरीज सर्दी, जुकाम, गले में दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे थे। जांच में कोविड की पुष्टि हुई। निजी अस्पतालों ने पोर्टल पर मरीजों की जानकारी दी थी। उसके बाद उनसे संपर्क किया गया। संदिग्ध मरीजों के सैंपल जिला अस्पताल में लिए जा रहे हैं। जांच चाइल्ड पीजीआई में की जा रही है।

एसीएमओ ने कहा कि फिलहाल सभी मरीज होम आइसोलेशन में हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम उन पर नजर बनाए हुए हैं। विभाग की ओर से फोन करके उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी भी ली जा रही है। इन मरीजों से ट्रेवल हिस्ट्री और संपर्क में आए लोगों के बारे में पूछा जा रहा है। यदि किसी अन्य मरीज में लक्षण दिखते हैं तो उनकी भी जांच तुरंत कराई जाएगी। हालांकि लोगों को बहुत ज्यादा डरने की जरूरत नहीं है, केवल सावधानी बरतें।

कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की मारामारी को देखते हुए अब स्वास्थ्य विभाग पहले से ही अलर्ट है। ऑक्सीजन प्लांट की स्थिति को परखने के लिए आज मॉक ड्रिल हो रहा है। इसके लिए सात टीम गठित क गई है।

# गुलावली गांव में हो रहा है अवैध खनन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** खनन विभाग एवं स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से गुलावली गांव में अवैध खनन हो रहा है।

बताया जाता है कि गुलावली गांव में एक महीने से स्थानीय पुलिस एवं खनन विभाग की सांठगांठ से लाखों रुपए की हर रोज खनन हो रहा है लेकिन इसको लेकर विभाग एवं स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बने हुए हैं। एक तरफ खनन पर पूरी तरह से रोक लगी है। वहीं माफिया खनन कर रहे हैं। अब देखना यह है कि खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई होती है या नहीं यह आने वाला समय बताएगा।



ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया से पुलिस की मिलीभगत है इसलिए दिन रात खनन माफिया अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। वहीं स्थानीय पुलिस चौकी एनपीएक्स के चौकी प्रभारी की भूमिका पर संदिग्ध बताई जा रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**ट्रेक्टर व कार में....**

हादसे में चालक दीनानाथ, अमित व सचिन की मौके पर मौत हो गई है। सभी कार सवार गाजियाबाद से बुलंदशहर की तरफ जा रहे थे। तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं। इस दौरान एक स्कूटी सवार भी हादसा देखने के दौरान घायल हुआ है।

**एआई से डरो नहीं,.....**

रूबरू होते हुए उनके बारे में अध्ययन करना चाहिए तथा भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक ऐसा पेशा है जिसके बल पर व्यक्ति समाज और देश का भला कर सकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अगर उनकी एक खबर से समाज में कोई सुधार होता है तो वे उस खबर को जरूर लिखें।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मंजरी चतुर्वेदी में कहा कि जिस तरह से देश की सीमा पर सैनिक अपना हुनर, पराक्रम और शौर्य दिखा रहे हैं, वैसे ही हर पत्रकार अपनी पत्रकारिता जीवन में छोटी-छोटी लड़ाइयां हर रोज लड़ता है। हिन्दी पत्रकारों के समक्ष चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। पहले इलेक्ट्रोनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और अब एआई से चुनौतियां बढ़ी हैं।

संगोष्ठी के दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई मीडिया कर्मियों को नोएडा मीडिया क्लब द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मौसमी सिंह, विजय लक्ष्मी, नीता सिंह, चारूल शर्मा, बीरेन्द्र मलिक, ऋषिपाल अरोडा, मोहम्मद आजाद, विनोद शर्मा, नंदगोपाल वर्मा, सुरेश चौधरी, अरूण सिन्हा, नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, उपाध्यक्ष अमित चौधरी, महासचिव जयप्रकाश सिंह,सचिव जगदीश शर्मा एवं कोषाध्यक्ष मनोज वत्स, संतोष सिंह, मुखराम सिंह, संजीव यादव, निरंकार सिंह, विनोद राजपूत,,दानिश अजीज, अमित सिंह, प्रवेश चौधरी, अमित शुक्ला,अरविंद शुक्ला,प्रिया राणा, अनुराग सिंह, रंजीप पांडे, निशांत शर्मा, विनायक गुप्ता, वरुण श्रीवास्तव ,पवन राज,अकरम चौधरी,अशोक दुबे,संदीप त्रिपाठी, मोहम्मद इमरान,रमन ठाकुर,गौरव शर्मा,हिमांशु बहुगुणा,सुमन चौधरी,संगीता चौधरी सहित शहर के सभी सम्मानित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

**निराश्रित नाबालिग ....**

तक पहुँच को सुगम बनाना है।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर के सचिव/अपर जिला जज द्वारा जिले में कार्यरत सभी कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय, नगर पंचायत, एस0डी0एम0 व तहसीलदार कार्यालय से साथी अभियान के तहत बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने में सहयोग की अपेक्षा की, जिससे सभी बच्चों का आधार कार्ड बन सके और उन्हे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें।

**मुठभेड में तीन शातिर....**

गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान अभि0 कृष्ण पुत्र मनोज निवासी ग्राम ताजपुर कालाआम थाना कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर हालपता किराये का मकान कुण्डा कालोनी भंगेल थाना फेस 2 गौतमबुद्धनगर तथा अभि0 राम मौर्या पुत्र श्याम बाबू मौर्या निवासी नगला माधो थाना सोरो जनपद कासगंज हालपता किराये का मकान निकट चेतन्या बिल्डिग के पास भंगेल थाना फेस 2 गौतमबुद्धनगर के रूप में हुयी है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ईको गाडी व लूट के दो मोबाइल फोन व 2500 रुपये, आधार कार्ड व आईडी व 02 अवैध तमंचे ,02 खोखा कारतूस, व 02 जिंदा कारतूस व 01 चाकू बरामद हुये है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के लुटेरे है जो रात्रि में गाड़ी में सवारियो को बैठाकर लूटपाट करते है ।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com



**खास खबर**

### हमास कर रहा अमेरिका के भेजे प्रस्ताव पर विचार

**गाजा।** हमास के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए अमेरिका का जो प्रस्ताव आया है, उस पर विचार किया जा रहा है। यह प्रस्ताव हमास और फिलिस्तीनी लोगों की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य ने एक बयान में कहा कि उन्हें अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ द्वारा पिछले हफ्ते दिए गए युद्धविराम प्रस्ताव पर इजराइल की प्रतिक्रिया मिल गई है। इजराइल ने फिलिस्तीन की मुख्य मांगों को नहीं माना। इनमें लड़ाई को पूरी तरह खत्म करना और गाजा पर लगी पुरानी नाकेबंदी हटाना शामिल है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव युद्धविराम के दौरान भी इजराइल के कब्जे और लोगों की तकलीफों को जारी रहने देगा। इसके बावजूद हमास का नेतृत्व फिलिस्तीनी जनता के खिलाफ जारी हिंसा और मानवीय संकट को ध्यान में रखते हुए ज़िम्मेदारी के साथ इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। हमास ने पहले कहा था कि वह विटकॉफ के साथ एक समझौते के सामान्य ढांचे पर सहमत हो गया है।

### कार से मिले करीब डेढ़ करोड़ रुपये

**मथुरा ।** यमुना एक्सप्रेस वे पर कार से मिले करीब डेढ़ करोड़ रुपये और साढ़े चार सौ ग्राम सोने के मामले में आयकर विभाग ने व्यापारी दीपक खंडेलवाल को नोटिस दे दिया है। इस बारे में दो दिन में जवाब मांगा है। बात दें कि माधव कुंज कॉलोनी, मसानी रोड निवासी खण्डेलवाल सोने-चांदी की सप्लाई का व्यापार करता है। दीपक आगरा में सामान सप्लाई करने के बाद पेमेंट व बचा हुआ सोना लेकर अपनी कार से दिल्ली की ओर जा रहे थे।सूचना मिलने पर आयकर विभाग सक्रिय हुआ। आनन-फानन में थाना प्रभारी निरीक्षक मांट जसवीर सिंह और आयकर अधिकारी अपनी टीम के साथ यमुना एक्सप्रेस वे के मांट टोल प्लाजा पर वाहन चेकिंग में जुट गए। आयकर व पुलिस की संयुक्त टीम ने आगरा की ओर से आ रही स्विफ्ट कार को रोका गया। पूरी रात आयकर विभाग के अधिकारी खंडेलवाल से पूछताछ करते रहे लेकिन गाड़ी में मिले करीब डेढ़ करोड़ रुपये व 452 ग्राम सोने के बारे में दीपक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस पर टीम ने सोना व नकदी सीज कर दी।

### अंकिता हत्याकांड के तीनों दोषियों को उम्रकैद

**कोटद्वार।** उत्तराखंड की बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में शुक्रवार को कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मुख्य आरोपी पुलकित आर्य सहित सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या, सबूत मिटाने और अनैतिक गतिविधियों से जुड़ी धाराओं में दोषी ठहराया गया है। न्यायालय ने पुलकित आर्य को धारा 302 (हत्या), 201 (सबूत नष्ट करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। वहीं, अन्य दो आरोपियों को भी हत्या और अनैतिक कार्यों में संलिप्तता के लिए समान रूप से दंडित किया गया है। हत्याकांड का यह मामला सितंबर 2022 में तब सामने आया जब 19 वर्षीय अंकिता भंडारी लापता हो गई थीं। रिसेप्शनिस्ट के रूप में कार्यरत अंकिता की चीला नहर से 24 सितंबर को लाश बरामद हुई थी। जांच में पता चला कि उसे अनैतिक कार्यों के लिए मजबूर किया जा रहा था, विरोध करने पर हत्या कर दी गई।

# पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, पांच की मौत

- विस्फोट से पूरी इमारत हो गई ध्वस्त
- 25 लोगों को अस्पताल में कराया गया भर्ती



एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुक्तसर साहिब में स्थित पटाखा फैक्टरी में रात को हुए विस्फोट में पांच कारीगरों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। घायलों के निकटवर्ती अस्पतालों और बठिंडा एम्स में भर्ती कराया गया। प्रशासन ने पांच कारीगरों की मौत की पुष्टि की है। मगर उनका विवरण जारी नहीं किया है। विस्फोट से पूरी इमारत ध्वस्त हो गई। दो व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं। मुक्तसर के गांव सिंघेवाला-फतूहीवाला मार्ग पर स्थित यह पटाखा फैक्टरी सतारूढ़ दल से जुड़े एक कार्यकर्ता की बताई जा रही है। रात करीब डेढ बजे मेकिंग यूनिट में जोरदार विस्फोट होने से दो मंजिला इमारत ढह गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि फैक्टरी मालिक ने पटाखा बनाने काम उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी राजकुमार को ठेके पर दिया था। उसके लोग ही यहां काम करते थे। इनमें से ज्यादातर लोग फैक्टरी में ही रहते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटनास्थल पर बड़ी संख्या में डिब्बों में पैक पटाखे रखे हुए थे और इसी कंपनी के खाली डिब्बों की गाड़ी खड़ी थी। गाड़ी को आज सुबह अनलोड किया जाना था। विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंचीं। मलबे में कारीगरों के दबे होने की सूचना के बाद यहां एनडीआरएफ की टीमों को भी बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल को चारों तरफ से घेर लिया है। रात से ही राहत कार्य जारी है। डीएसपी जसपाल सिंह ने बताया कि किल्लियांवाली थाना प्रभारी कर्मजीत कौर व अन्य स्टाफ मामले की जांच कर रहा है। अभी तक मलबे से पांच लोगों के शव निकाले जा चुके हैं जबकि दो व्यक्तियों का अभी कोई सुराग नहीं मिला है। करीब 25 व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह फैक्टरी तरसेम सिंह के नाम पर पंजीकृत है।

## महाराष्ट्र में 76 नए कोरोना मरीज मिले, अबतक कुल 597 संक्रमित



एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 76 नए कोरोना मरीज मिले हैं। वहीं सातारा जिले में भी दो कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि एक जनवरी से अब तक राज्य में कुल 597 कोरोना मरीज मिल चुके हैं। राज्य में फिलहाल 425 सक्रिय कोरोना मरीज हैं। जबकि 165 मरीज कोरोना से ठीक हो चुके हैं। जनवरी से अब तक 7 कोरोना मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से छह से सात अन्य गंभीर बीमारियों से संक्रमित थे। राज्य में मिले 76 कोरोना मरीजों में से मुंबई में 27, पुणे में 21, ठाणे मनपा सीमा में 12, कल्याण मनपा में 8, नवी मुंबई में चार, कोल्हापुर मनपा में एक, अहिल्यानगर मनपा में एक और रायगढ़ जिले में दो मरीज मिले हैं। इसके अलावा सातारा जिले में 2 मरीज मिले हैं। जनवरी 2025 से मुंबई में कुल 379 मरीज पंजीकृत हुए हैं। जनवरी से राज्य में 9,592 कोविड-19 परीक्षण किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी ठीक हुए मरीज हल्के संक्रमण से पीड़ित थे। मरने वाले सात कोरोना मरीज नेफ्रोटिक सिंड्रोम, किडनी रोग, ब्रेन स्ट्रोक , डायबिटिक कीटोएसिडोसिस, इंटरस्टीशियल लंग डिजीज और डायबिटीज जैसी बीमारियों से पीड़ित थे। राज्य में पर्याप्त कोरोना वायरस जांच किट और पर्याप्त उपचार सुविधाएं हैं।

# मानसून समय से पहले सक्रिय, कई राज्यों में होगी भारी बारिश



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण से लेकर पश्चिम तक मूसलाधार बारिश हो रही है। बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर अब डिप्रेशन में बदल चुका है। इस वजह से पूर्वी और पूर्वोत्तर के राज्यों में तेज बारिश हो सकती है। बिहार, झारखंड और यूपी जैसे राज्यों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के जल्द ही एक्टिव होने की संभावना बनी हुई है। बता दें केरल से लेकर महाराष्ट्र और गोवा तक में मानसून समय से पहले सक्रिय हो गया, जिसकी वजह से भारी बारिश हो रही है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में शुक्रवार को तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई। इससे उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। इन सबके बीच राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके चलते भीषण लू जैसे हालात हैं। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब डिप्रेशन में बदल गया है। यह सिस्टम कोलकाता से करीब 260 किमी दक्षिण में स्थित है। यह डिप्रेशन धीरे-धीरे और गहराकर डीप डिप्रेशन बन सकता है और इसके उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। मौसम में बदलाव की वजह से तटीय ओडिशा, उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। पूर्वोत्तर भारत में अगले 48 घंटों तक भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में कुछ स्थानों पर बहुत ही भारी बारिश हो सकती है। मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी कई स्थानों पर तेज गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। अगले 48 घंटों में भारी से बहुत भारी बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। इसके बाद यह धीरे-धीरे कम होता जाएगा। बता दें पूर्वोत्तर भारत में मानसून पहले ही पहुंच चुका है और इसलिए अब इस क्षेत्र में सामान्य मानसूनी बारिश नियमित रूप से होती रहेगी। अगले दो दिनों तक छिटपुट बारिश जारी रहेगी। दक्षिण-पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ और हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, पूर्वोत्तर राज्यों के बाकी बचे पार्ट और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों के साथ ही पूरे सिक्किम में आगे बढ़ गया है। मानसून के प्रभाव के चलते केरल से लेकर महाराष्ट्र और गोवा तक में मूसलाधार बारिश हो रही है। अब देश के अन्य हिस्सों में भी बारिश हो सकती है।

### 10वीं के छात्र ने सहपाटी को मारी गोली, मौत

**चंडीगढ़।** स्कूल की क्लास में आगे की सीट पर बैठने के लिए दो छात्रों के बीच झगड़ा इस कदर बढ़ा की एक ने दूसरी की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों एक साल पहले सातरोड गांव के पास स्कूल में पढ़ते थे। मरने वाले छात्र की पहचान मस्तनाथ कॉलोनी में रहने वाले दीक्षित के तौर पर हुई है। उनके पिता सरकारी नौकर में थे और रिटायरमेंट के बाद फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के गोदाम में गार्ड की नौकरी करते हैं। पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक उसने पुलिस के सामने हत्या की बात स्वीकार की है। उसने बताया कि पिता की लाइसेंसी बंदूक से उसने गोली मारी थी। लगभग एक साल पहले दीक्षित और उसके एक क्लासमेट में आगे की सीट पर बैठने को लेकर झगड़ा हो गया था।

## मुस्लिम बहुल देश में भी आंतक की दुकान चला रहा पाकिस्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नाइजीरिया से चौंकाने वाली घटना आई है। नाइजीरियाई अधिकारियों ने चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन पाकिस्तानियों पर बोको हरम के आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने और हथियार सप्लाई करने का आरोप है। यह घटना पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के वैश्विक खतरे को दिखाती है। नाइजीरिया एक मुस्लिम बहुल देश है, जहां की करीब 46 फीसदी आबादी मुसलमान है। पाकिस्तान लंबे समय से अपनी सीमाओं से बाहर आतंकवाद को फैलता रहा है। पहले यह खतरा दक्षिण एशिया तक ही नजर आता है। लेकिन, अब पाकिस्तान का आतंकी नेटवर्क अब अफ्रीका और यूरेशिया तक में भी फैल गया है। इससे वैश्विक शांति और सुरक्षा को नया खतरा पैदा हो गया है। नाइजीरिया में हुई गिरफ्तारियों ने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया है। पाकिस्तान, भारत में ही नहीं, अन्य देशों में भी आंतकवादी संगठनों को समर्थन दे रहा है। बोको हरम अपनी क्रूरता के लिए विश्व भर में कुख्यात है। इसमें अपहरण, नरसंहार और बच्चों को भी आतंकी बनाना शामिल है। इस संगठन को पाकिस्तानी आतंकवादियों से सीधे तौर पर ट्रेनिंग और हथियार मिल रहे हैं। मानवता के लिए इससे बड़ी चिंता की बात क्या हो सकती है। नाइजीरियाई अधिकारियों के अनुसार, ये पाकिस्तानी नागरिक हथियार सप्लाई करने के साथ-साथ कई तरह की ट्रेनिंग भी दे रहे थे।

## भुखमरी के बीच युद्धविराम के लिए तैयार हुआ इजराइल

एजेंसी

**तेल अवीव।** गाजा में शांति अब हमास के हाथ में है। वजह ये है कि भुखमरी के बीच इजराइल युद्धविराम के लिए तैयार हो गया है। गुरुवार को एक कूटनीतिक घटनाक्रम में इजराइल ने अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से पेश किए गए नए युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव में 60 दिनों के लिए युद्धविराम की बात है। बदले में हमास के कब्जे से 10 जीवित और 18 मृत बंधकों की रिहाई होगी। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि यह साफ नहीं हो सका है कि स्थायी युद्धविराम पर बातचीत कब और कैसे शुरू होगी, जो कि हमास की प्रमुख मांगों में शामिल है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलाइन लेविट ने पुष्टि की है कि इजराइल ने अमेरिका के नए युद्धविराम प्रस्ताव को आधिकारिक मंजूरी दे दी है और उसके बाद ही यह प्रस्ताव हमास को भेजा गया। प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने तैयार किया है। इसे हमास के पास विचार के लिए भेजा गया है, लेकिन अब तक समूह की ओर से कोई अंतिम स्वीकृति नहीं आई है। व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में लेविट ने कहा, मैं पुष्टि कर सकती हूं कि युद्धविराम को लेकर बातचीत जारी है और हम उम्मीद करते हैं कि गाजा में युद्धविराम जल्द ही होगा ।

### चीनी छात्रों का रद्द होगा वीजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत के दुश्मन देश को भी झटका दे दिया है। ये झटका भी कोई ऐसा-वैसा नहीं है बल्कि भविष्य खतरे में डालने वाला है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बीते रोज घोषणा की, कि अमेरिकी सरकार कुछ चीनी छात्रों के वीजा रद्द करेगी। यह कदम उन छात्रों पर केंद्रित होगा जिनका चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध है या जो संवेदनशील क्षेत्रों में अध्ययन कर रहे हैं। इस नीति का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी प्रभाव की निगरानी बढ़ाना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका सरकार ने उन चीनी छात्रों के वीजा रद्द करने की योजना बनाई है जिनका चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध है या जो संवेदनशील क्षेत्रों में अध्ययन कर रहे हैं।

# डॉ. संतराम देशवाल पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित



एजेंसी

**सोनीपत।** साहित्यकार एवं लेखक डॉ. संतराम देशवाल को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया। उन्हें यह पुरस्कार साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में जब डॉ. संतराम देशवाल के नाम की घोषणा की गई तो हॉल तालियां से गूंज उठा। अभी तक प्रदेश के लोगों को खेल व कृषि के क्षेत्र में ही यह पुरस्कार मिला था। पहली बार साहित्यकार एवं लेखक के लिए मिला है। पुरस्कार लेने के दौरान डॉ. संतराम देशवाल व उनका परिवार भावुक हो गया।

विज्ञापन 25 जनवरी को भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। उसमें सोनीपत निवासी डॉ. संतराम देशवाल का भी नाम शामिल था। पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने के दौरान उनकी पत्नी डॉ. राजकला देशवाल, बेटे उदित सौम्य देशवाल व गोपेंद्र देशवाल मौजूद रहे।

## दो दिवसीय साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन



- महुआ माजी की उल्लेखनीय भागीदारी
- भारतीय भाषाओं के प्रतिनिधि साहित्यकारों के साथ साहित्यिक संवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय साहित्यिक सम्मेलन में वरिष्ठ लेखिका और राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने भाग लेकर साहित्यिक सत्र में महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्हें राष्ट्रपति भवन के गेस्ट हाउस में विभिन्न भारतीय भाषाओं के चुनिंदा प्रतिष्ठित साहित्यकारों के साथ ठहरने और आपसी संवाद में भाग लेने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने किया, जबकि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष सहित देशभर के प्रमुख लेखक, अनुवादक एवं सांस्कृतिक हस्तियाँ शामिल रहीं।

### रेत के तूफान में फंसी पाकिस्तानी फ्लाइट

**करांची ।** बीती 24 मई को कराची से लाहौर जा रहा एक विमान रेत के तूफान में फंस गया। यह विमान दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बचा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश के दौरान विमान के अंदर भारी उथल-पुथल मच गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये विमान निजी एयरलाइन फ्लाई जिन्ना का था। लाहौर में उतरने की कोशिश करते समय यह तेज हवाओं में फंस गया, जिससे इसकी दृश्यता कम हो गई और विमान में उथल-पुथल मच गई। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने कराची से लाहौर जा रही फ्लाइट के पायलट से लैंडिंग की कोशिशें रोकने को कहा।

## शिवराज सिंह ने जम्मू के चकरोही गांव पहुंचकर सीमावर्ती किसानों से किया संवाद



एजेंसी

**जम्मू/ नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को जम्मू के आरएस पुरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान में सहभागिता कर संबोधित किया। साथ ही, शिवराज सिंह सीमा से सटे गांव चकरोही भी पहुंचे और फ्रूट प्लांट नर्सरी का अवलोकन किया। साथ ही, सीमावर्ती किसानों से चर्चा भी की। इस दौरान शिवराज सिंह ने यहां गोलीबारी, बारूदी सुरंगें, फसल क्षति और पलायन जैसी स्थानीय चुनौतियों और किसानों की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। वहीं, उन्होंने सीमावर्ती किसानों को राष्ट्र रक्षा में भागीदार बताते हुए उनकी सुरक्षा जैसे विषयों पर बात की।

# भारत के सख्त कदम से बूंद-बूंद पानी को तरस रहा पाकिस्तान

- करांची एयरपोर्ट पर पानी नहीं, भड़क गई पाक अभिनेत्री हिना खोल दी पोल



एजेंसी

**करांची।** पाकिस्तान में भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्तों का असर अब बड़े पैमाने पर नजर आने लगा है। इसका ताजा नजारा करांची स्थित जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दिखा जहां मुसाफिरों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। वहां बाथरूम में पानी की सप्लाई ठप हो गई है। इस सच्चाई को बयां किया है वहीं की एक मशहूर अभिनेत्री ने। इस पाकिस्तानी अभिनेत्री हिना ख्वाजा बयात ने करांची के जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पानी की भारी किल्लत के लिए अधिकारियों पर भड़क गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को करांची एयरपोर्ट से पोस्ट किए गए एक वीडियो में हिना ख्वाजा ने करांची के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुनियादी सुविधाओं की कमी पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए, एयरपोर्ट के शौचालयों में पानी तक नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग वजू करना चाह रहे हैं, नमाज पढ़ना चाह रहे हैं, अपने बच्चों को वॉशरूम ले जाना चाह रहे हैं लेकिन वहां पानी तक ही नहीं है। यह शर्म की बात है। अभिनेत्री हिना ने शहबाज सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार बड़े-बड़े वादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मुख्य मुद्दों को अनदेखा कर रही है। उन्होंने पूछा कि हर कोई बड़ी परियोजनाओं और विकास के बारे में बात करता है, लेकिन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाथरूम में पानी तक नहीं है, यह बड़े ही अफसोस की बात है। बुनियादी चीजों को कौन ठीक कर रहा है? हमारे हवाई अड्डे, संस्थान सब कुछ बिखर रहे है। कोई भी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता है।

इंस्टाग्राम पर वीडियो को कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा- हम एक मुल्क के रूप में खराब सेवा, खराब सिस्टम, खराब प्रबंधन, खराब रखरखाव और अंतहीन सिस्टम और संस्थागत क्षति को इतना स्वीकार क्यों कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि क्योंकि हम आम नागरिक की रोजमर्रा की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान देने के बजाय बेकार प्रयासों को प्राथमिकता देते हैं। अब समय आ गया है कि हम जिम्मेदारी लें और चीजों को ठीक करें।

बता दें करांची इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यह स्थिति ऐसे समय में पैदा हुई है, जब सिंधु जल संधि को लेकर भारत के साथ तनाव बढ़ता जा रहा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौता का स्थगित कर दिया है। इससे पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर पानी का संकट गहरा गया है। दूसरी तरफ पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने गीदड़भभकी देते हुए कहा है कि उनका देश जल के मुद्दे पर कभी समझौता नहीं करेगा क्योंकि यह देश के 24 करोड़ लोगों के अधिकारों से जुड़ा है।

## कोरोना की वैक्सीन बनाने वाली कंपनी को ट्रंप प्रशासन ने दिया झटका



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ट्रंप सरकार ने मोडर्ना कंपनी से बर्ड फ्लू वैक्सीन बनाने का कॉन्ट्रैक्ट छीन लियास है। इसके साथ ही वैक्सीन खरीदने का उनका अधिकार भी रद्द किया गया है। बता दें, कोरोना महामारी के समय मोडर्ना ने ही कोविड-19 की एमआरएनए वैक्सीन बनाई थी। जनवरी 2025 में बाइडन प्रशासन ने मोडर्ना को बर्ड फ्लू (एच5एन1) वैक्सीन बनाने के लिए 590 मिलियन डॉलर दिए थे। इससे पहले, 2024 में कंपनी को वैक्सीन के अंतिम स्टेज के ट्रायल के लिए 176 मिलियन डॉलर का फंड मिला था। ये फंड अमेरिका के स्वास्थ्य विभाग (एचएचएस) की ओर से मिला था ताकि एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा के खिलाफ वैक्सीन बनाई जा सके। मोडर्ना ने कहा है कि वहां अब वैक्सीन के विकास के लिए अन्य विकल्प तलाश रही है। कंपनी का कहना है कि उन्होंने जो वैक्सीन बनाई है, उसका शुरूआती टेस्ट सकारात्मक रहा है। ये वैक्सीन एच5 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस को टारगेट करती है। अमेरिका में अप्रैल 2024 में पहली बार एच5एन1 बर्ड फ्लू के मामले सामने आए थे।

खास खबर

## मांजरेकर टीम चयन से खुश नहीं

**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर इंग्लैंड दौरे के लिए चयनित भारतीय टेस्ट टीम से संतुष्ट नहीं हैं। मांजरेकर के अनुसार चयनकताओं ने प्रदर्शन नहीं अपनी सोच के आधार पर खिलाड़ियों को रखा है। मांजरेकर ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के प्रदर्शन को लेकर पहले से अनुमान लगा लिया गया है। चयन समिति की सोच यह है कि हालातों और विपक्ष के आधार पर खिलाड़ियों की संभावित सफलता और असफलता तय की जाये। ऐसे में सरफराज खान जैसे खिलाड़ी को नुकसान हुआ शिकार हुए, क्योंकि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला और उनका प्रदर्शन देखने का अवसर चयनकताओं को नहीं मिला। मांजरेकर ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भी सरफराज को टीम में जगह क्यों नहीं मिली ये उनकी समझ में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सरफराज ने अपने 4 टेस्ट में घरेलू मैदान पर तीन अर्धशतक और एक 150 रन की पारी और इसके बाद केवल 4 पारियों में वह असफल रहे। फिर भी सरफराज को ऑस्ट्रेलिया में एक भी मैच नहीं मिला।

## न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का निधन

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिए उक्त जानकारी दी। ट्रिस्ट ने न्यूजीलैंड को साल 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। यह न्यूजीलैंड पुरुष टीम का पहला वैश्विक खिताब था। डेविड ट्रिस्ट ने अपने करियर में 14 वर्षों तक कैंटरबरी के लिए तेज गेंदबाज के रूप में क्रिकेट खेला। इसके बाद उन्होंने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने कैंटरबरी के अलावा दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और नीदरलैंड्स की टीमों के साथ भी काम किया। साल 1999 में उन्होंने स्टीव रिक्सन की जगह न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम के कोच का पद संभाला।

## सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जीत दर्ज कर सिंगापुर ओपन 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने मलेशिया की जोड़ी गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन को सीधे गेमों में 21-17, 21-15 से हराया। यह मुकाबला 39 मिनट तक चला। इस सीजन बीडब्ल्यूएफ टूर पर भारतीय जोड़ी इंडिया ओपन और मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में हार चुकी है। खास बात यह है कि इंडिया ओपन में सात्विक-चिराग को हराने वाली जोड़ी भी गोह और इज्जुद्दीन ही थी, जिनसे इस बार उन्होंने बदला लिया। अब सात्विक और चिराग की नजर इस सीजन के अपने पहले फाइनल में जगह बनाने पर होगी। इसके लिए उन्हें मलेशिया की एक और जोड़ी से भिड़ना होगा। इनमें मान वेई चोंग-काई वुन टी या फिर आरोन चिया-सोह वूई यिक की जोड़ी हो सकती है। दोनों ही जोड़ियां टूर्नामेंट में सीडेड हैं।

एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# पारुल ने बनाया नेशनल रिकॉर्ड

- पूजा और गुलवीर ने दिलाया स्वर्ण
- नेशनल रिकॉर्ड के साथ पारुल को रजत पदक
- गुलवीर सिंह का दोहरा स्वर्ण प्रदर्शन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। पारुल चौधरी ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत जीता। युवा हाई जम्पर पूजा और लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने स्वर्ण जीतकर भारत का परचम लहराया। भारतीय धाविका पारुल चौधरी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 9:12.46 मिनट का समय लेकर रजत पदक जीता। यह प्रदर्शन उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा और इसी के साथ उन्होंने 2025 दोहा डायमंड लीग में बनाया गया अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड (9:13.39) तोड़ दिया। रेस में कजाखस्तान की नॉरा जेरुटो तनुई ने 9:10.46 मिनट के साथ गोल्ड जीता, जबकि उनकी साथी डेजी जेपकेमेई ने 9:27.51 मिनट में ब्रॉन्ज अपने नाम किया।

महिलाओं की हाई जंप स्पर्धा में भारत की 18 वर्षीय पूजा ने 1.89 मीटर की कूद के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। यह उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और उन्होंने अपने ही अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया। इससे पहले भारत की बॉबी एलोयसियस ही एकमात्र महिला हाई जम्पर थीं, जिन्होंने एशियन चैंपियनशिप में पदक (स्वर्ण-वर्ष 2000 और रजत-वर्ष 2002) जीता था। पूजा ने बाद में 1.92 मीटर की कोशिश की ताकि सीनियर नेशनल रिकॉर्ड की बराबरी कर सकें, लेकिन वह प्रयास सफल नहीं रहा। यह रिकॉर्ड फिलहाल सहाना कुमारी के नाम है (2012)।भारत के गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 5000 मीटर रेस में 13:24.78 मिनट का समय लेकर स्वर्ण जीता और इसके साथ ही 2015 में बने चैंपियनशिप रिकॉर्ड (13:34.47) को भी तोड़ दिया। गुलवीर इस स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाले भारत के तीसरे धावक बने हैं, उनसे पहले गोपाल सैनी (1981) और जी लक्ष्मणन (2017) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। इससे पहले गुलवीर ने इसी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण पदक जीता था। मार्च में उन्होंने अमेरिका में आयोजित द्यद टेनद्ध प्रतियोगिता में 27:00.22 मिनट का समय लेकर इस दूरी में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था।

## इंग्लैंड दौरे के लिए दिव्यांग खिलाड़ियों की मिश्रित टी20 टीम घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड में जून-जुलाई में होने वाली दिव्यांग खिलाड़ियों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी गयी है। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद ने 16 सदस्यीय टीम की कप्तानी रविंद्र गोपीनाथ संते को सौंपी है जबकि वीरेंद्र सिंह को उपकप्तान बनाया गया है। इस दौरे में 25 जून को दिव्यांग क्रिकेटरों को लॉर्ड्स में तीसरा टी20 मैच खेलने का अवसर पहली बार मिलेगा। ब्रिस्टल में एक जुलाई को भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ दो मैच खेलेगी। सात मैचों की इस सीरीज में शारीरिक, श्रवण और बौद्धिक दिव्यांगता श्रेणियों के क्रिकेटरों को एक साथ खेलने का अवसर मिलेगा। टीम के मुख्य कोच रोहित झालानी ने कहा, यह टीम किसी भी शीर्ष क्रिकेट टीम की तरह ही जुनून और एकाग्रता से भरी टीम है। उनकी प्रतिबद्धता विश्व मंच के लिए तैयार रहने की है।



वहीं डीसीसीआई महासचिव रविकांत चौहान ने कहा, द्ययह सीरीज संभावनाओं को फिर से परिभाषित करने के बारे में है। लॉर्ड्स में खेलना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है। हमारे खिलाड़ियों के लिए यह गर्व और इतिहास बनाने का क्षण है। भारतीय टीम इस प्रकार है : रविंद्र गोपीनाथ संते (कप्तान), वीरेंद्र सिंह, विक्रांत रविंद्र केनी, राधिका प्रसाद, राजेश इरप्पा कन्नूर, योगेंद्र सिंह, नरेंद्र मंगोर, साई आकाश, उमर अशरफ, शर्मा, अभिषेक सिंह, विवेक कुमार, विकास गणेशकुमार, प्रवीण नेलवाल, ऋषभ जैन और तरुण। रिजर्व: माजिद माग्रे, कुलदीप सिंह, कृष्ण गौड़ा और जीतेंद्र नागराजू।

## भारतीय जूनियर महिला टीम को चिली ने शूटआउट में हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के रोसारियो में चल रहे फ्रेंडली फोर नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को चिली के खिलाफ शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। भारत के लिए सुखवीर कौर (35') और कनिका सिवाच (47') ने गोल किए, जबकि चिली की ओर से जासिंटा सोलारी (27') और कप्तान लॉरा म्यूलर (42') ने गोल दागे। चिली ने दूसरे क्वार्टर में जासिंटा सोलारी के पेनल्टी कॉर्नर गोल की मदद से 27वें मिनट में बढ़त हासिल की। इसके




जवाब में भारत ने तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही वापसी की और सुखवीर कौर ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद चिली ने एक बार फिर बढ़त बनाई, जब कप्तान लॉरा म्यूलर ने 42वें मिनट में शानदार फील्ड गोल किया। लेकिन भारत ने चौथे क्वार्टर की जोरदार शुरूआत की और कनिका सिवाच ने 47वें मिनट में बराबरी का गोल कर मैच को रोमांचक बना दिया। निर्धारित समय तक स्कोर बराबरी पर रहने के कारण मुकाबला शूटआउट में गया, जहां चिली ने 3-1 से जीत दर्ज की। चिली के लिए जोसेफिना कॉन्सटांजा गुटिरेज, इसाबेल लियोनोर मेसेन, और ट्रिनिडैड एंटोनिया बारियोज ने शूटआउट में गोल किए, जबकि भारत की ओर से केवल सोनम ही स्कोर कर सकीं। भारतीय टीम अब 1 जून 2025 (भारतीय समयानुसार) को अपने अगले मुकाबले में उरुग्वे से भिड़ेगी।

## शार्दुल ने बताया रोहित-विराट के संन्यास का कारण

एजेंसी

**मुम्बई ।** ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का कारण बताया है। शार्दुल के अनुसार उन्हें लगने लग गया था कि अब वे पहले की तरह नहीं खेल सकते हैं। रोहित ने इसी माह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके एक सप्ताह के अंदर ही कोहली ने भी खेल को अलविदा कह दिया। ठाकुर ने कहा कि दो अनुभवी खिलाड़ियों के रहने से टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों को भी काफी कुछ सीखने को मिलता था। इस ऑलराउंडर ने यह भी



कहा कि युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के होने से टीम को अच्छे परिणम मिल सकते थे। वहीं अब सबकुछ युवाओं के हाथ में है। इस ऑलराउंडर ने कहा, ये दोनो ही खेल में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं पर ऐसे फैसले निजी होते हैं। ऐसा तब होता है जब उन्हें लगता है कि वे पहले की तरह अपना योगदान नहीं दे सकते या उनकी फिटनेस पहले जैसी नहीं रहती, ऐसे में वे युवाओं के लिए राह बनाते हैं।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रनों से हराया

एजेंसी

**एजबेस्टन ।** इंग्लैंड ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए पहले एकदिवसीय को 238 रनों से जीत लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 400 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज टीम 162 रन ही बना पायी। इस मैच में एक अनौखा रिकार्ड भी बना है। ये पहली बार है जब किसी टीम ने 400 रन बनाये हों और कोई भी एक खिलाड़ी शतक न बना पाया हो। यह 28 वीं बार है जब कोई टीम 400 या उससे अधिक रन बनाने में सफल हुई है वहीं इंग्लैंड ने 6ठी बार 400 रन बनाये हैं। वहीं एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में इंग्लैंड पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने बिना किसी खिलाड़ी के शतक के बल पर 400 रन बनाये




हैं। जी हां, वेस्टइंडीज के खिलाफ इस मुकाबले में एक भी इंग्लिश बल्लेबाज ट्रिपल डिजिट तक नहीं पहुंच पाया। सलामी बल्लेबाज जैकब बैथल 82 रनों के साथ ही सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। ये पहली बार हुआ है जब किसी टीम के शीर्ष-7 खिलाड़ियों ने एक पारी में 30 या उससे अधिक रन बनाए हो।इस मैच के विशाल लक्ष्य को देखकर कैरिबियाई बल्लोबाजों ने पहले ही समर्पण कर दिया और उनकी पूरी टीम 26.2 ओवर में 162 रनों पर ही आउट हो गयी।

## फुटबॉल की विक्ट्री परेड में चढ़ी कार, कई घायल

**लंदन ।** इंग्लैंड के लिवरपूल में एक फुटबॉल क्लब की विक्ट्री परेड के दौरान एक भीड़ पर एक व्यक्ति के कार चढ़ाने से अफरातफरी मच गयी। इससे करीब 50 लोग घायल हो गये। जिसमें से 27 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में 53 साल के एक व्यक्तिको गिरफ्तार किया है। पुलिन ने कहा कि अभी तक ये कोई आतंकी हमला नहीं लगता। इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने लिवरपूल शहर के मेयर स्टीव रोथरम से बात की है। उन्होंने मुश्किल हालात को संभालने के लिए पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की प्रशंसा की है। स्टार्मर ने कहा, लिवरपूल की घटना डराने वाली हैं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जो घायल हुए हैं या प्रभावित हुए हैं।

## जडेजा भी बनना चाहते हैं भारतीय टीम का कप्तान

- इतने सालों में मैने अलग अलग कप्तानों के साथ खेला है

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** शुभमन गिल के इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनने के बाद अब ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा के मन में भी कप्तान बनने की इच्छा जोर मारने लगी है। जडेजा का कहना है कि वह भी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहते हैं। जडेजा के अनुसार उन्होंने कई कप्तानों के साथ काम किया है इसलिए वह जानते हैं कि कप्तानी कैसे की जाती है। क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं , यह पूछे जाने पर जडेजा ने कहा, हां , बिल्कुल। इतने सालों में मैने अलग अलग कप्तानों के साथ




खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं। जडेजा ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में तीनों प्रारूपों में पदार्पण किया था और आईपीएल में भी उनकी कप्तानी में वह चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेले हैं। जडेजा ने कहा ,हर कप्तान की अपनी शैली होती है। मैने हर प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला है पर उनकी सोच बिल्कुल आसान है। अगर उन्हें लगता है कि कोई बल्लेबाज एक ही जगह पर शॉट खेल सकता है तो वहां वह फील्डर जरूर लगायेंगे। टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद अश्विन ने जडेजा को कप्तान बनाने का समर्थन किया था। उन्होंने तब कहा था ,द्य हम जडेजा को क्यो भूल जाते हैं। अगर नया कप्तान चाहिये तो मैं कहूंगा कि दो साल के लिए किसी अनुभवी को कमान सौंपने के बाद नये व्यक्ति को बागडोर दी जानी चाहिए। जडेजा ने यह भी कहा कि टेस्ट टीम की बजाय टी20 में कप्तानी अधिक मुश्किल है। उन्होंने कहा , टेस्ट क्रिकेट में आपको गेंदबाज की जरूरत के मुताबिक दो या तीन फील्डर में बदलाव करना होता है, बल्लेबाज के हिसाब से नहीं। उन्होंने कहा ,टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी अलग है। इसमें ज्यादा दिमाग नहीं लगाना पड़ता है।

## खराब बल्लेबाजी बना हार का कारण : श्रेयस अय्यर

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पंजाब किंग्स टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से मिली हार पर निराशा जतायी है। श्रेयस ने इसके लिए टीम की खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया है। श्रेयस ने कहा है कि हमने एक अवसर गंवाया है पर अभी बाजी हमारे हाथों से निकली नहीं है टीम के पास अभी भी दूसरा मुकाबला जीतकर फाइनल में पहुंचने का अवसर है। अय्यर ने कहा है कि पहली लड़ाई वे हारे है पर ये अभी समाप्त नहीं हुई है। अब खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पंजाब किंग्स को एलिमिनेटर की विजेता




टीम से खेलना होगा। आरसीबी के हाथों 8 विकेट से मिली हार पर अय्यर ने कहा, यह हमारे लिए भूलने वाला दिन नहीं है पर हमें ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाना होगा। हमने इस मैच में शुरूआत में ही काफी विकेट खो दिये थे पर कहा कि उन्हें अपने फैसलों पर संदेह नहीं है। मैदान के बाहर हो भी योजना उन्होंने बनायी थी वह सही थी पर उसे अमल में नहीं लाया जा सका। उन्होंने साथ ही कहा, हम गेंदबाजों को भी दोष नहीं दे सकते क्योंकि हमारे रन बचाव करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। हमें इस विकेट पर अपनी बल्लेबाजी पर और काम करना होगा क्योंकि यहां हमने यहां जितने भी मैच खेले हैं, उनमें अलग-अलग उछाल रहा है। हम पेशेवर खिलाड़ी होने के कारण ये बहाने नहीं बना सकते। हमें हालात के अनुसार बल्लेबाजी करनी होती है और हमें इसके अनुरूप प्रदर्शन करना होता है। हमने लड़ाई तो हारी है पर अभी बाहर नहीं हुए हैं। पंजाब किंग्स इस मैच में केवल 101 रन ही बना पाये थी और आरसीबी ने ये लक्ष्य दो विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया।

## शुभमन और ऋषभ के स्वभाव में हैं काफी अंतर : शार्दुल

एजेंसी

**मुम्बई।** ऑराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा है कि इंग्लैंड दौर के लिए नये कप्तान बनाये गये शुभमन गिल और उप-कप्तान ऋषभ पंत के स्वभाव में काफी अंतर है। शार्दुल के अनुसार जहां शुभमन गंभीर हैं, वहीं ऋषभ मजाकिया स्वभाव वाले हैं। साथ ही कहा है कि इन दोनो ने सबसे बड़े और अहम अवसर मौकों पर खेल में योगदान दिया है, और इसी लिए इनसे टीम को काफी उम्मीदें हैं। ठाकुर के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मॉर्गन ने भी शुभमन को स्वाभाविक नेतृत्व कर्ता करार दिया, जो कोलकाता नाइट राइडर्स में उनके साथ समय के आधार पर जिम्मेदारी लेने में कुशल है। वहीं पूर्व चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने




बुमराह को कप्तानी के लिए समर्थन दिया था जबकि वसीम जफर ने सुझाव दिया था कि बुमराह कप्तान हों और गिल उप-कप्तान बनकर भविष्य के लिए तैयार हों। दूसरी ओर वीरेंद्र सहवाग ने तर्क दिया कि ऋषभ पंत गिल से बेहतर विकल्प थे और गिल को तीसरा सबसे अच्छा विकल्प माना। इनके विपरित गिल को चुनकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि गिल का चयन एक दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, न कि केवल एक सीरीज के लिए। आप कप्तानों को एक या दो दौरे के लिए नहीं चुनते।

# आईपीएल में नजर आये कई उतार चढ़ाव, युवा कप्तान हुए सफल


- खोज साबित हुए वैभव, आयुष जैसे खिलाड़ी

एजेंसी

**मुम्बई ।** आईपीएल के इस सत्र में कई उतार-चढ़ाव आये। जहां पांच बार की खिताब विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और तफानी बल्लेबाजी के लिए जानी जानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद असफल रही। वहीं पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस जैसे टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसे अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) व मुम्बई इंडियंस का प्रदर्शन भी ठीक रहा जबकि धमाकेदार शुरूआत के बाद भी दिल्ली कैपिटल्स असफल रही। राजस्थान रॉयल का प्रदर्शन भी खराब रहा। लीग में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी वह 17 साल के




आयुष महात्रे नई खोज साबित हुए। इस दोनो ने ही अपनी बल्लेबाजी से सभी को हैरान कर दिया। सत्र में अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर के साथ शुभमन गिल ने नई सोच को प्रशंसकों के सामने रखा जबकि पुराने कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और पैट कमिंस पूरी तरह से संघर्ष करते दिखे। लीग के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत विफल रहे। वह अंतिम लीग मुकाबले में हालांकि शतक लगाने में सफल रहे। अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरूआत के बाद पटरी से उतरी गयी। पूर्व विजेता चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का बेहद खराब रहा और सनराइजर्स हैदराबाद ने पूरे टूनार्मेंट में खराब प्रदर्शन किया. रॉयल्स के वैभव जब पिछले दिसंबर में द्यमेगा नीलामीद्ध में चुने गए थे तो उनकी उम्र 13 साल थी और मई में 14 साल की उम्र में वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद पर आईपीएल में सबसे तेज शतक और अब तक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपने शानदार स्ट्रोक प्ले और जोश से खेल के दिग्गजों का दिल जीत लिया। इस सूची में पंजाब किंग्स के द्यअनकैप्डद्ध प्रियांश आर्य भी शामिल थे जिन्होंने अपना पहला आईपीएल शतक लगाया। प्रभसिमरन सिंह ने भी दिखाया कि उनमें दम है जबकि आयुष म्हात्रे ने अपने प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स की उम्मीदें जगायीं। युवा सुदर्शन ने दिखाया कि जोखिम लिए बिना भी रन जुटाए जा सकते हैं। पिछले साल की उपविजेता एसआरएच सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ उतरी थी लेकिन उसका आक्रामक रवैया पूरी तरह विफल रहा। युव ऑलराउंडरन नितीश कुमार रेड्डी ने काफी हद तक निराश किया और पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए एक बेहतरीन स्पिनर नहीं होने से उन्हें नुकसान हुआ। सीएसके ने इस साल सबक सीखा क्योंकि उसे युवा प्रतिभाओं को बेंच पर रखने और सिर्फ धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की अपनी रणनीति को छोड़ना पड़ा। संजू सैमसन की फिटनेस और अन्य खिलाड़ियों में जज्बे की कमी के कारण टीम निचले स्थान पर रही सीएसके से ऊपर रह। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे अकेले दम पर जमे रहे, लेकिन फ्रेंचाइजी के सबसे महंगे खिलाड़ी और उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर के लिए सत्र काफी खराब रहा।




इटली में गीरो डि इटालिया साइकिल रेस में जीत मिलने पर उत्साहित होते हुए रेड बुल के हंसग्रोनो निको डेंज।

## अनोखा बैंक! पैसे नहीं, देता है रोटी

**अजंता-एलोरा** की गुफाओं के लिए मशहूर औरंगाबाद शहर में एक ऐसे रोटी बैंक की शुरूआत हुई है जहां लोग रोटी जमा करते हैं और गरीब लोग वहां से मिली रोटी से अपना पेट भरते हैं। यह रोटी एकदम ताजी होती है। यही नहीं यहां रोटी के अलावा वेजिटेरियन और नॉन वेजिटेरियन डिशेज भी मिलती हैं। यूपी में 5 दिसंबर को रोटी बैंक की शुरूआत की गई थी। यह देश का पहला रोटी बैंक है इसके बाद झारखंड में भी इस तरह के बैंक की शुरूआत की गई। अब महाराष्ट्र के औरंगाबाद में खुला यह रोटी बैंक भारत का तीसरा ?सा बैंक है। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में देश के पहले रोटी बैंक की शुरूआत करने वाले (एचआईएमसी) हरून मुक्ति इस्लामिक सेंटर के फाउंडर युसुफ मुक्ति बताते हैं कि उन्होंने सालों से गरीबों को सड़कों पर भीख मांगकर खाते देखा है।




## रोजाना एक नाशपाती खाने से कम होगा मोटापा

रोजाना एक नाशपाती के सेवन से 35 फीसदी मोटापा कम हो सकता है। हम यह सुनते रहे हैं कि रोज एक सेब खाने से डॉक्टर को दूर कर सकते हैं। रोजाना एक नाशपाती खाने से वजन कम होता है। वयस्क लोगों में नाशपाती के सेवन के बाद पोषक तत्वों की खुराक, पोषक तत्वों की पर्याप्तता, डायट की गुणवत्ता और हृदय संबंधी रोगों के खतरे का विश्लेषण किया गया है।



# अच्छी दृष्टि के लिए मैकुलर पिगमेंट



**कुछ** सजगताएं बरतकर मैकुलर पिगमेंट को स्वस्थ रखकर नेत्रदृष्टि को अच्छी तरह बरकरार रखा जा सकता है... आंख कैमरे की तरह होती है। कैमरे की रील की तरह आंख के परदे को रेटिना कहते हैं। रेटिना का सबसे महत्वपूर्ण केंद्रीय भाग मैकुला ल्यूटिया कहलाता है। अच्छी दृष्टि के लिए मैकुला का स्वस्थ रहना अत्यावश्यक है।

मैकुला के अंदर एक विशेष पिगमेंट पाया जाता है, जिसे मैकुलर पिगमेंट कहते हैं। इस पिगमेंट के विशेष प्रकार हैं। जैसे ल्यूटीन एन्ड जिया जैनथिन। ये पिगमेंट प्रकाश तरंगों को रासायनिक प्रक्रिया से होते हुए ऐसी विद्युत तरंगों में परिवर्तित कर देते हैं, जिन्हें नसों द्वारा दिमाग तक संप्रेषित किया जा सके। आंखें फोटो खींचती हैं और दिमाग देखता है।

### पिगमेंट का महत्व

मैकुलर पिगमेंट अगर नहीं होगा, तो हमें दिखना बंद हो जाएगा। इस पदार्थ की सांद्रता (डेन्सिटी)को अब नापा जा सकता है। इसे मैकुलर पिगमेंट ऑप्टिकल डेन्सिटी की सांद्रता कम हो जाए, तो तरंग परिवर्तन रुक जाएगा और हमारी दृष्टि का केंद्रीय भाग (सेंट्रल एरिया) ही काम नहीं कर सकेगा।

### खाने पर दें विशेष ध्यान

अगर हम अपने भोजन में कुछ पदार्थों जैसे ल्यूटीन एन्ड जिया जैनथिन का सेवन करें, तो ये मैकुलर पिगमेंट के स्वास्थ्य के लिए बेहतर होगा। मक्का (कॉर्न) ल्यूटीन का सबसे अच्छा स्रोत है। इसी प्रकार संतरा जिया जैनथिन का उत्तम स्रोत पाया गया है। अगर हम भोजन में हरे पत्तों वाली सब्जियों और रंगदार फलों का सेवन करें, तो ये दृष्टि के लिए लाभकारी होगा।

### एम पी ओ डीं की सांद्रता को- एज रिलेटेड

मैकुलर डीजनरेशन (ए आर एम डी) नामक घातक बीमारी से जोड़कर भी देखा जाता है। ए आर एम डी लगभग लाइलाज बीमारी है, जिसमें दृष्टि अत्यंत क्षीण हो जाती है और किन्हीं मामलों में दिखना बंद हो जाता है। अगर आप चाहें तो एम पी ओ डी की सांद्रता को जांचा जा सकता है और इसके आधार पर अपने भोजन में परिवर्तन कर और कुछ दवाओं के सहारे इस घातक बीमारी ए आर एम डी से बचा जा सकता है।




# क्यों रहते हैं आपके हाथ-पैर ठंडे?

**सर्दियों** के मौसम में हाथ-पैरों का ठंडा होना सामान्य है। यूं भी ठंड का सामना करने की क्षमता हर व्यक्ति की अलग होती है। पर कुछ लोग हल्की-सी ठंड भी बर्दाश्त नहीं कर पाते। उनकी उंगलियां हर समय ठंडी रहती हैं। ऐसा होना कुछ और बातों की ओर भी इशारा करता है, जिन्हें समझना जरूरी है।

यूं तो सर्दियों के मौसम में हाथ व पैर ठंडे होना सामान्य बात है, पर कुछ लोग ठंड के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। ऐसे लोगों में ठंड ही नहीं, गर्मियों में भी तापमान में आयी थोड़ी सी कमी उंगलियों के ठंडे पड़ने का कारण बन जाती है। खासतौर पर महिलाएं इसकी अधिक शिकार होती हैं। हाथ व पैर ठंडे पड़ने या अधिक ठंड लगने के कई कारण हो सकते हैं। कई लोगों में इसके कारण बेहद सामान्य होते हैं, मसलन ठंड सहने की उनकी क्षमता, पानी कम पीना या बीपी कम होना। इसके अलावा यदि लंबाई के अनुपात में वजन काफी कम है तो भी संभव है कि आपको ठंड अधिक लगती हो। वजन अधिक कम होने का मतलब शरीर में वसा की कमी है, जिससे शरीर गर्म नहीं रह पाता। यह इस बात का भी संकेत है कि आप पर्याप्त मात्रा में नहीं खा रहे हैं। ऐसे लोग खान-पान में सुधार करके राहत पा सकते हैं।

इसके कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं। रक्त की आपूर्ति बाधित होने के कारण भी हाथ-पैर ठंडे पड़ने लगते हैं। हाथों का रंग सफेद, बैंगनी, संतरी व नीला पड़ने लगता है। कुछ देर उन्हें गर्माहट देने पर वे फिर से ठीक हो जाते हैं। अधिक ठंडे इलाकों में रहने वालों में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। अधिक तनाव की स्थिति में भी ऐसा होता है।

हृदय रोगों से जूझ रहे लोगों को भी ठंड अधिक लगती है। धमनियां संकुचित होने के कारण हाथ व पैर की उंगलियों तक रक्त का प्रवाह ढ़ंग से नहीं हो पाता। इसके अलावा गठिया के रोग से परेशान लोगों को भी सामान्य से अधिक ठंड लगती है।



बाहर की ठंडी हवा हमारे फ्लूड सर्कुलेशन को प्रभावित करती है, जिससे हाथ व पैर ठंडे होना सामान्य है। जिन लोगों को ये समस्या अधिक रहती है, उन्हें शुरुआत से खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। आयुर्वेद में त्रिकुटि, पिपली चूर्ण और अश्वगंधा के सेवन से अधिक ठंड लगने की परेशानी में राहत मिलती है। खान-पान में गर्म तासीर वाली चीजों का सेवन करना चाहिए, पर इसका मतलब यह नहीं कि आप अधिक मात्रा में चाय व कॉफी पिएं। मात्र दस्ताने व जुराबें पहन कर बैठे रहना सही नहीं है। अपनी जीवनशैली को सुधारना भी जरूरी है। धूम्रपान का सेवन न करें। कैफीनयुक्त चीजों से परहेज करें। अधिक तंग कपड़े व जूते न पहनें। नियमित व्यायाम से भी रक्तसंचार सही रहता है। खासतौर पर प्राणायाम व गहरे श्वास का अभ्यास करना शरीर में ऊर्जा भरता है।

### खान-पान में इन्हें करें शामिल

आयुर्वेद के अनुसार, सर्दी खान-पान की दृष्टि से सबसे अच्छा मौसम है। कई तरह के मसाले, जड़ी-बूटियां व मौसमी फल-सब्जियां हैं, जिन्हें डाइट में शामिल करना ठंड में राहत देता है।

**लहसुन**

एंटीवायरल गुणों से भरपूर लहसुन की कली को कच्चा चबाना फायदेमंद है।

**आंवला**

इसमें विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो कोशिकाओं को क्षतग्रिस्त होने से बचाते हैं। पाचन में लाभकारी होने के साथ-साथ यह शरीर को सभी तरह के पोषण को ग्रहण करने में सक्षम बनाता है।

**शहद**

एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर है। मौसमी बुखार व संक्रमण को दूर रखने में सहायता मिलती है। शरीर को ऊर्जा देता है।



### ये भी हैं ठंड के कारण

#### शरीर में आयरन की कमी

लाल रक्त कोशिकाओं को पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने के अलावा शरीर के विभिन्न हिस्सों से ऊष्मा और पोषक तत्वों को लाने-पहुंचाने में आयरन की अहम भूमिका होती है। आयरन की कमी का सीधा मतलब यह है कि शरीर अपने ये सभी काम सुचारू रूप से कर पाने में सफल नहीं हो पाएगा। आयरन की इस कमी के कारण कपकपी भी आती है। इसके अलावा आयरन की कमी से थाइरॉएड ग्लैंड का स्राव भी प्रभावित होता है, जो ठंड लगने का एक और कारण है।

शरीर में आयरन की इस कमी को दूर करने में आयरन सप्लीमेंट के साथ डाइट पर ध्यान देना जरूरी है। मीट, अंडा, हरी पत्तेदार सब्जियां और सी-फूड आदि पदार्थों को डाइट में शामिल करें।

#### दवाओं का असर

कई दवाएं हैं, जिनका लंबे समय तक सेवन धमनियों को सकुचित कर सकता है। इससे रक्त संचार में समस्या आती है और हाथ-पैर ठंडे होने लगते हैं। खासतौर पर केमस्टि की दुकान से बिना डॉक्टरी सलाह के दवा लेते समय इसका ध्यान रखें।

#### रक्तसंचार है कमजोर

सामान्य तापमान पर भी हाथ व पैर का बहुत ठंडा रहना रक्त संचार में समस्या का संकेत हो सकता है, जिससे खून सही ढंग से हाथ व पैरों तक नहीं पहुंच पाता। ऐसा धमनियों में किसी तरह की ब्लॉकेज के कारण हो सकता है या फिर जब दिल खून को ठीक तरीके से पंप न कर पा रहा हो। अगर आप धूम्रपान करते हैं तो भी रक्तसंचार से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। रेनॉड्स बीमारी की वजह से भी ज्यादा ठंड लगती है। इस बीमारी में तापमान में जरा-सी गिरावट पर हाथ और पैर की रक्त वाहिनियां कुछ देर के लिए अपने-आप सिकुड़ जाती हैं। उनके रंग में भी अंतर दिखता है। लंबे समय तक हाथ-पैर ठंडे होने की परेशानी को अनदेखा न करें। रक्तचाप कम होने पर भी हाथ और पैर ठंडे रहते हैं। शरीर में पानी व खून की कमी, पेट की अनियमितता व कुछ दवाओं का असर इसका कारण हो सकता है।

#### विटामिन बी12 की कमी

विटामिन बी12 शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने का काम विटामिन बी12 ही करता है। इसकी कमी होने पर पूरे शरीर में ऑक्सीजन की पूर्ति नहीं हो पाती। परिणामस्वरूप अधिक ठंड लगती रहती है। शरीर में विटामिन बी12 की कमी का मुख्य कारण संतुलित आहार की कमी है। आमतौर पर यह जानवरों से प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थों में अधिक होता है। इसकी कमी को दूर करने के लिए डाइट में मीट, मछली और दूध से बने प्रोडक्ट्स शामिल करें। एक टेस्ट के जरिए शरीर में इसकी कमी को जांचा जा सकता है।

#### थाइरॉएड का असर

जब थाइरॉएड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में थाइरॉएड हार्मोन का स्राव नहीं करती तो शरीर का मेटाबॉलज्मि धीमा पड़ने लगता है, जिससे शरीर पर्याप्त मात्रा में ऊष्मा उत्पन्न नहीं करता। थाइरॉएड हार्मोन का स्राव कम होने को हाइपोथाइरॉएडज्मि कहते है। बालों का तेजी से गिरना, रूखी त्वचा, तेजी से वजन बढ़ना और ज्यादा थकान इसके लक्षण हैं।

#### तनाव और बेचैनी

तनाव की अधिकता पूरे शरीर पर असर डालती है। हाथ और पैर भी इसके असर से बच नहीं पाते। कई बार हाथ-पैर बहुत ठंडे रहते हैं तो कई बार हाथों से अधिक पसीना आता है। लंबे समय तक नींद की कमी के कारण भी पूरा शरीर सामान्य तरीके से काम करना बंद कर देता है। विभिन्न अध्ययनों के मुताबिक नींद की कमी के कारण हमारे मस्तिष्क के उस हिस्से की कार्यक्षमता कमजोर हो जाती है, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है। अपनी नींद के साथ किसी भी तरह का समझौता न करें। सात से आठ घंटे की नींद अवश्य लें।

# तेजपत्ता दूर करें बालों की समस्याएं



**तेजपत्ता** भारतीय व्यंजनों की शान माना जाता हैं। यह भारतीय व्यंजनों में स्वाद के तके को दुगुना कर देता हैं। इसमें फ्लेवोनॉइ्स, एंटी-ऑक्सीडेंट, आवश्यक तेल और टैनिन भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके अतिरिक्त तेजपत्ता में जीवाणुरोधी, एंटी-इंफ्लामेंट्री और मूत्रवर्धक गुण होते हैं। यदि आप बालों या त्वचा की समस्या से परेशान हैं तो तेजपत्ता आप की मदद कर सकता हैं।

### रूसी भगाएं

तेजपत्ता की सूखी पत्तियों को पीस कर पाउडर बना लें और इस पाउडर को दही में मिला लें। इस मिश्रण को सिर की त्वचा पर अच्छे से लगाने के बाद सिर धो लें। इससे रूसी निकल जाएगी। आप सिर में खुजली की समस्या के लिए भी यही नुस्खा आजमा सकते हैं।

### बालों को चमकाए

यदि आप अपने बालों की रौनक बढ़ाना चाहते हैं तो तेजपत्ता आप के काम आ सकता हैं। कुछ पत्तों को पानी में उबाल ले। पानी ठंडा होने के बाद इस से बालों को धोए। बाल चमकदार बन जाएंगे। इस पानी के प्रयोग से बालों की चिपचिपाहट भी दूर हो जाएगी।

### जूएं मारे


अगर आपके बालों में बहुत सारे जूएं हो गई हैं तो तेजपत्ते की पत्तियों का पाउडर बना कर उसका पानी के साथ लेप बना ले। अब इस लेप को सिर पर लगाने के बाद सिर धो ले। जुएं मर जाएगें।

### त्वचा में निखार

यदि आपकी त्वचा में रूखापन हैं तो आप तेजपत्ता का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसकी कुछ पत्तियों को लेकर पानी में उबाल ले। अब इस पानी से मुंह धोए। चेहरे में दमक आ जाएगी।

### मुहासों से छुटकारा

चेहरे पर ज्यादा दाने या मुहांसे होने पर तेजपत्ता डालकर पानी उबाल लें, इस पानी के ठंडे होने पर इससे चेहरे को दिन में दो बार धो ले। इस तरह, चेहरा साफ-सुथरा और चमकदार हो जाएगा।



# तकनीक से खत्म होगा मलेरिया...

दुनिया भर में मलेरिया से हर साल करोड़ों लोग प्रभावित होते हैं। इनमें से लाखों लोगों की मौत हो जाती है। पिछले कई दशकों से इसे समग्रता से खत्म करने पर शोध जारी है। जीन ड्राइव जैसी तकनीक की मदद से वैज्ञानिकों ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है, जिससे मलेरिया को खत्म किया जा सकेगा।



**जेनेटिकली** मॉडिफाइड मच्छरों से अगले कुछ सालों में मलेरिया को काबू में किया जा सकेगा। जीन-एडिटिंग के इस्तेमाल से शोधकर्ताओं ने मच्छरों के मलेरिया-रोधी प्रारूप की ब्रीडिंग में कामयाबी हासिल की है। हालांकि, इस सिलसिले में कई सालों से रिसर्च जारी है। पहली बार वैज्ञानिक मच्छरों को बांझ बनाने में कामयाब हुए, जिसके माध्यम से उनकी ब्रीडिंग को पूरी तरह रोका जा सकता है।

### कारगर तकनीक

दुनिया के अनेक देशों में इस बीमारी के संक्रमण से सालाना 20 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं। इनमें से चार से पांच लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। लेकिन, इस नई ईजाद की गई तकनीक से वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इसे प्रभावी तरीके से रोका जा सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक पिछले करीब 100 सालों से मलेरिया को नियंत्रित करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि यह तकनीक इसे नियंत्रित करने में सक्षम होगी, क्योंकि अगले कुछ सालों में यह तेजी से मच्छरों की आबादी को खत्म कर देगा। सामान्य रूप से प्रत्येक जीन संस्करण में मच्छरों की एक जेनरेशन को कम से कम 50 फीसदी तक कम करने की क्षमता होती है। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध परीक्षण में पाया गया कि बांझ बनाने वाले जीन को नर और मादा दोनों प्रकार के मच्छरों में 99 फीसदी तक ट्रांसमिट किया जा सकता है। इसमें रिसेसीव जीन्स तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे ज्यादातर मच्छर अपने पूर्वजों से जीन की महज एक कॉपी हासिल कर पाएंगे। इससे मच्छरों के बांझपन का दायरा बढ़ता जाएगा। पहली बार मच्छरों की एनोफील्स गैंबी प्रजाति में इस तकनीक का इस्तेमाल किया गया। वैज्ञानिकों ने तीन विभिन्न फर्टिलिटी जीन्स को टारगेट किया और जीन ड्राइव के जरिये मच्छरों को कैसे ज्यादा प्रभावित किया जा सकता है, इसका परीक्षण किया।



### जेनेटिक कोड का डिजाइन

**रिसर्च** के मुताबिक दुनिया भर में मच्छरों की करीब 3,400 विभिन्न प्रजातियां हैं। इनमें एनोफील्स गैंबिया मलेरिया का सबसे बड़ा वाहक है, जो अफ्रीका में मच्छरों की 800 से ज्यादा प्रजातियों में पाई जाती है। जीन ड्राइव के परीक्षण के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने पहले उन तीन जीन्स को पहचाना, जो मादा मच्छरों की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करते हैं। खास प्रकार के सीआरआरएसपीआर/ सीएएस 9 एंडोन्यूक्लियस जीन्स के साथ उसे मॉडिफाइड किया, जो एक प्रकार का डीएनए कटिंग टूल्स है और इससे जेनेटिक कोड के खास हिस्सों को डिजाइन किया जाता है। जब क्रोमोजोम्स इन मॉडिफाइड जीन्स को कैरी करता है, तो इससे बनने वाला एंजाइम खास हिस्से को काट देता है। ऐसा होने पर म्यूटेड यानी उत्परिवर्तित मच्छर सामान्य मच्छरों में मलेरिया-रोधी जीन्स को 99 फीसदी तक फैलाने में सफल होंगे, जिससे उनकी प्रजनन क्षमता खत्म हो जाएगी।

## रेसिपी

### मशरूम रोल

कितने लोगों के लिए 2



**सामग्री**

6-7 मशरूम, 1/2 कप ब्रेड का चूरा, 2 टेबल स्पून कार्नफ्लोर, 2 टेबल स्पून बेसन, 1/4 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक, 1 टी स्पून अदरक पेस्ट, 1 टेबल स्पून हरी धनिया बारीक कटी हुई

**विधि**

सबसे पहले कॉर्नफ्लोर और बेसन में जरूरत भर पानी डालकर अच्छी तरह घोल लें। ध्यान रहे गुठलियां न बनने पाएं। घोल इतना गाढ़ा होना चाहिए कि मशरूम के ऊपर कोटिंग अच्छी तरह हो जाए। सारे मशरूम को अच्छी तरह गीले कपड़े से पोंछ कर दो हिस्से में काट लें। कड़ाही में तेल गर्म करें। अब एक-एक मशरूम उठाकर घोल में डालें। फिर घोल से मशरूम निकाल कर ब्रेड क्रम्ब्स में लपेटें। किसी प्लेट में रख लें। सारे मशरूम के टुकड़े इसी तरह घोल और ब्रेड के चूरे में लपेटकर प्लेट में लगाकर रख लें। गर्म तेल में एक-एक करके ब्रेड क्रम्ब्स में मशरूम लपेट कर सुनहरा तल लें। गरमागरम क्रिस्पी मशरूम बोंडा तैयार है। ऊपर से चाट मसाला और हरी धनिया की चटनी या टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

### बेसनी कचौड़ी

कितने लोगों के लिए 8



**सामग्री**

600 ग्राम मैदा, 250 ग्राम बेसन, एक चम्मच लाल मिर्च, एक चुटकी हींग, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए घी।

**विधि**

500 ग्राम मैदा रोटी के आटे की तरह गूंध लें। बेसन में नमक, हींग, मिर्च डालकर मैदा की तरह गूंध लें। मैदा की लोई बनाकर इसमें बेसन कचौड़ी की तरह भर लें। टिकिया को बची मैदा का पलोथन अच्छी तरह लगा-लगाकर पतली बेल लें। जितनी पतली बेलेंगी उतनी ही अच्छी होगी। कड़ाही में घी खूब गर्म करके उसमें कचौड़ी डालें। डालते ही यह फूल जाएगी। यदि कुछ कम फूले तो उलटने से फूल जाएगी। अच्छी तरह सिकजाए तो उसे घी से निकाल लें। इसे अचार के साथ सर्व करें। यह कचौड़ी आठ दिन तक खराब नहीं होती।



# अमिताभ बच्चन की जगह सलमान खान करेंगे केबीसी होस्ट

केबीसी शो अपने अलग अंदाज और अमिताभ बच्चन की बेहतरीन होस्टिंग के लिए जाना जाता है। कई लोग यहां लाखों रुपये जीतने के मकसद से आते हैं और आखिरकार अमिताभ अपनी मेजबानी से उनका दिल जीत लेते हैं, लेकिन हाल ही में यह जानकारी सामने आई है कि केबीसी के सीजन से सलमान अमिताभ को रिप्लेस कर देंगे।

## सलमान करेंगे केबीसी होस्ट?

123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, सलमान खान प्रसिद्ध क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति के नए होस्ट बन सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, सलमान चैनल के साथ बातचीत कर रहे हैं और डील लगभग पक्की हो चुकी है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पहले शाहरुख खान भी इस शो को होस्ट कर चुके हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो सलमान जल्द ही केबीसी में नजर आ सकते हैं।

## सलमान खान का वर्कफ्रंट

सलमान खान आखिरी बार फिल्म सिकंदर में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार रश्मिका मंदाना नजर आई। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक चली। बहरहाल, कथित तौर पर अब सलमान टाइगर वर्सेज पठान में नजर आ सकते हैं।



# दिलजीत दोसांझ की तरह सिंगर-एक्टर बनना चाहती हूं

उड़ीसा में जन्मी और शिकागो में पली-बढ़ी लिसा मिश्रा आज भले मनोरंजन जगत में अपनी जमीन तलाश रही हैं, मगर उन्हें मुंबई आए 7 साल हो गए हैं। बॉलिवुड के कई मशहूर गीतों के कवर गए चुकी लिसा रे कॉल मी बे के बाद अब हालिया वेब सीरीज द रॉयल्स में भी नजर आईं। भारतीय मूल की ये अमेरिकन सिंगर-एक्टर बॉलिवुड में आगे बढ़ने को आतुर हैं और दिलजीत दोसांझ की तरह अपने सिंगिंग-एक्टिंग करियर को आगे बढ़ाना चाहती हैं।

सिंगिंग से शुरुआत करने वाली लिसा कॉल मी बे से अपने अभिनय की यात्रा का आगाज भी कर चुकी हैं। वह कहती हैं, जैसा मैंने कहा कि संगीत हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा। आज हमारी इंडस्ट्री में कई सिंगर-एक्टर हैं, मगर मैं इस मामले में दिलजीत दोसांझ को अपना आदर्श मानती हूं। मैं उन्हीं की तरह गायन और अभिनय करना चाहूंगी। एक जमाना था, जब सुरैया, नूरजहां, अशोक कुमार और किशोर कुमार सरीखे सिंगर-एक्टर हुआ करते थे। आज हम जैसे कलाकार सिंगिंग और एक्टिंग करते हैं, तो लोगों को नया लगता है, मगर ये तो हम पहले से करते आए हैं। मैं सिंगर-एक्टर के रूप में अपना सफर जारी रखना चाहूंगी। आज इंडिया ही नहीं पूरी दुनिया भर में लेडी गागा, सेलेना गोम्स, विल स्मिथ सरीखे एक्टर-सिंगर छाए हुए हैं। आज मौके भी बहुत हैं और नई चीजों को स्वीकार करने की लोगों की क्षमता भी बढ़ी है।

## रोल के लिए 6 बार ऑडिशन दिया

इंडस्ट्री में नए कलाकारों को ऑडिशन की राह से तो गुजरना ही पड़ता है। लिसा बताती हैं, मैं अब तक अनगिनत ऑडिशन दे चुकी हूं और मुझे पचासों बार रिजेक्ट किया गया है, मगर मैं इसे बुरा नहीं मानती। यह मेरी ट्रेनिंग है और इसी के जरिए मैं अपनी कमियां जान पाती हूं। मैं हमेशा ये जानने को उत्सुक रहती हूं कि अगली बार क्या सुधार करूं। अब उदाहरण के रूप में इसी रोल के लिए मैंने 6 बार ऑडिशन दिया और आखिरकार मुझे लगने लगा कि ये रोल मुझे नहीं मिलने वाला। जबकि मैं इस भूमिका को पाने के लिए बहुत ज्यादा उम्मीद कर रही थी, क्योंकि मैं जानती थी कि द रॉयल्स में बहुत बड़े सितारे हैं, जिनके साथ काम करके मैं बहुत कुछ सीखूंगी। अगर ये भूमिका मुझे नहीं मिली होती, तो मैं तो डिप्रेशन में चली जाती। खुश हूं कि मेहनत के बल पर ये चरित्र मेरे हिस्से में आया।



# माइंडसेट को बनाओ मजबूत शानदार होंगे नतीजे

मशहूर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह न सिर्फ अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपनी पॉजिटिव सोच और लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक किताब का पन्ना शेयर किया, जिसमें जिंदगी से जुड़ी गहरी बात छिपी हुई थी। दरअसल, इस पन्ने पर लिखा था- आपके सोचने का तरीका, हमारी जिंदगी की बुनियाद होता है।

इस पोस्ट को शेयर करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने कैप्शन में लिखा, माइंडसेट पर काबू रखें, तो नतीजों पर भी काबू होगा। यानी अगर आप अपने सोचने के तरीके पर काबू पा लेते हैं, तो आप अपने नतीजों पर भी काबू पा सकते हैं। रकुल का यह पोस्ट इस बात का सबूत है कि वह अपने फैंस का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि जिंदगी से जुड़ी प्रेरणाएं भी उन्हें देती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पिता के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने पिता के साथ स्कूटर पर बैठी हुई दिखाई दीं। यह तस्वीर उनके बचपन की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सेना दिवस भले ही पूरी दुनिया में मनाया जाता हो, लेकिन मेरा दिल एक वर्दी के लिए धड़कता है, मेरे पापा की वर्दी के लिए। एक आर्मी ऑफिसर के बच्चे के रूप में मैंने बचपन से ही त्याग, सम्मान और हिम्मत का मतलब समझा। आज मैं सिर्फ अपने पापा को नहीं, बल्कि उन सभी सैनिकों को सलाम करती हूं, भारत और दुनिया भर के, जो खुद से पहले देश की सेवा को चुनते हैं। खासकर हाल के समय में भारतीय सेना की बहादुरी हमें याद दिलाती है कि शांति मुफ्त में नहीं मिलती, उसे सैनिकों की कुर्बानी से सुरक्षित रखा जाता है। मैं दिल से शुक्रगुजार हूं।

# उमंग कुमार की फिल्म से डेब्यू करेंगे करण वीर मेहरा



बिग बॉस 18 के विजेता का खिताब अपने नाम करने वाले करण वीर मेहरा अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं पहली फिल्म भी हाथ लग चुकी है। वे निर्देशक उमंग कुमार की अगली फिल्म से अपनी अभिनय पारी शुरू करेंगे एक्टर हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। उमंग कुमार को मैरी कॉम और सरबजीत जैसी फिल्मों का निर्देशन करने के लिए जाना जाता है अब वे रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म के सितारों को लेकर आज सोमवार को एलान किया गया है। करण वीर मेहरा भी फिल्म में लीड रोल अदा करने वाले हैं, इस खबर के एलान के बाद उनके फैंस के बीच खुशी है और सोशल मीडिया पर वे इसका इजहार कर रहे हैं।



# शाहरुख की फिल्म 'किंग' में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' इन दिनों चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म न सिर्फ इसलिए सुर्खियों में है क्योंकि इसमें शाहरुख की बेटी सुहाना खान एक्टिंग डेब्यू कर रही हैं, बल्कि अब इसमें एक और नाम जुड़ गया है जिसने दर्शकों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है।**

## फिल्म में हुई नए एक्टर की एंट्री

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की स्टारकास्ट में अब डांसर, एक्टर और एंकर के तौर पर पहचान बना चुके राघव जुयाल की भी एंट्री हो गई है। राघव इससे पहले फिल्म 'किंग' से अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं और अब उन्हें शाहरुख और सुहाना के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला है। यह खबर सामने आते ही फैंस सोशल मीडिया पर खुशी से झूम उठे हैं और फिल्म को लेकर उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं।

## 'किंग' के लिए एक्साइटेड हैं फैंस

सूत्रों के मुताबिक, किंग की कास्टिंग प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है और निर्माताओं ने हर किरदार के लिए एक मजबूत और अनुभवशील चेहरा चुना है। फिल्म का निर्देशन कर रहे सिद्धार्थ आनंद ने इससे पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई थी और अब वो 'किंग' के जरिए एक बार फिर दर्शकों को शानदार एक्सपीरियंस देने के लिए तैयार हैं।

## फिल्म 'किल' में किया जबरदस्त काम

गौरतलब है कि राघव जुयाल को इससे पहले करण जौहर की फिल्म 'किल' में जबरदस्त पहचान मिली थी और अब वो न केवल शाहरुख-सुहाना के साथ किंग में नजर आएंगे, बल्कि शाहरुख के बेटे आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में भी एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का प्रीमियर जून में नेटफ्लिक्स पर होने वाला है।

## सौरभ शुक्ला की भी हो चुकी एंट्री

हाल ही में यह खबर भी सामने आई थी कि अनुभवी अभिनेता सौरभ शुक्ला भी 'किंग' का हिस्सा बन चुके हैं और उन्होंने मुंबई में फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। सौरभ की मौजूदगी फिल्म की स्टारकास्ट को और भी मजबूत बना रही है।

## किंग की शूटिंग हुई शुरू

बता दें 'किंग' की शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है और जल्द ही इसका पहला लुक या टीजर भी सामने आ सकता है। दर्शकों को अब इस फिल्म के हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार है।



# इन अभिनेत्रियों ने छोटे पर्दे से की शुरूआत अब फिल्मों में खूब कमाया नाम

**बॉलीवुड में पहुंचने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद उन्हें अच्छी फिल्में मिलती हैं और उनका नाम होता है। बॉलीवुड की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे यानी टीवी से अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह बड़े पर्दे यानी बॉलीवुड तक पहुंचीं। आज दुनिया में उनका नाम है। आज इस खबर में हम उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिन्होंने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर तय किया।**

## विद्या बालन

विद्या बालन बॉलीवुड में अलग अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साल 1995 में हम पांच टीवी शो से अदाकारी में कदम रखा। इसके बाद वह बंगाली फिल्म में नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने अभिनय की शुरूआत साल 2005 में फिल्म परिणीता से की।



## मौनी रॉय


मौनी रॉय आज बॉलीवुड की बड़ी एक्ट्रेस हैं। एक वक्त था जब वह छोटे पर्दे पर अदाकारी करती थीं। उन्होंने सबसे पहले साल 2006 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस साल 2018 में फिल्म गोल्ड से अदाकारी शुरू की।

## यामी गौतम



यामी गौतम अपनी सबसे पहली फिल्म विक्की डोनर (2012) से बहुत मशहूर हुईं। इसके बाद उन्हें कई फिल्में मिलीं। लेकिन उन्होंने अपने इभिनय की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। उन्होंने सबसे पहले टीवी सीरियल 'चांद के पार चलो' से अदाकारी की शुरूआत की थी।

## मृणाल ठाकुर



मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने अपना एक्टिंग करियर कुमकुम भाग्य टीवी शो से शुरू किया था। उन्होंने बॉलीवुड में लव सोनिया से कदम रखा। उन्होंने ऋतिक रोशन और जॉन अब्राहम के साथ काम किया।

## प्राची देसाई

प्राची देसाई भी फिल्मों में जलवा दिखाने से पहले टीवी सीरियल में दमदार अदाकारी कर चुकी हैं। उन्होंने सबसे पहले कसम से सीरियल में अदाकारी की। उन्होंने रॉक आन से बॉलीवुड में कदम रखा। वह इमरान हाशमी के साथ फिल्म अजहर में भी नजर आ चुकी हैं।



# पीएम व सीएम ने दी खुर्जा तापीय विद्युत परियोजना की सौगात





**खुर्जा ( चेतना मंच )।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में खुर्जा तापीय विद्युत परियोजना के माध्यम से विकास की सौगात प्रदान की गई।

वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित 12,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 1320 मेगावाट क्षमता की खुर्जा तापीय परियोजना के प्रथम चरण में 5544 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 660 मेगावाट यूनिट का लोकार्पण किया गया। यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में एक ''मील का पत्थर'' साबित होगी।

तेजी से बढ़ती विद्युत की मांग जो वर्तमान में

## ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में देश तेजी से अग्रसर है : डॉ. महेश शर्मा

उत्तर प्रदेश में 7.51 प्रतिषत की वार्षिक दर से बढ़ रही है, को ध्यान में रखते हुए, इस अत्याधुनिक सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी आधारित संयंत्र से विद्युत उत्पादन में वृद्धि होगी। यह संयंत्र आगामी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर (30000 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन) सहित आसपास के क्षेत्रों को भी निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

अपने संबोधन में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस विकासपरक परियोजना के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर हो रहा है, जिससे शोध से लेकर रोजगार तक के नए द्वार खुलेंगे।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम, खुर्जा विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह, विधायक शिकारपुर अनिल शर्मा, चेयरमैन खुर्जा श्रीमती अंजना भगवानदास सिंघल, गन्ना समिति के चेयरमैन ऋषिपाल शर्मा, पूर्व विधायक खुर्जा विजेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि खुर्जा सत्यप्रकाश सिंह, ब्लाक प्रमुख मोनिका सिंह, ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा, ऋषभ शर्मा जिला मंत्री युवा मोर्चा, मूला शर्मा प्रधान, नीरज प्रधान दशहरा, मनोज प्रधान कठहेरा, सुरेश शर्मा आदि काफी संख्या में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



**नोएडा विधायक पंकज सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार में ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नोएडा क्षेत्र में चल रहे प्रस्तावित विकास कार्यों एवं बिजली की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।**

# प्रतिष्ठानों का शीघ्र पंजीकरण कराएं : जिलाधिकारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला श्रम बन्धु की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन अपर श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर द्वारा किया गया। बैठक में सहायक निदेशक कारखाना एवं श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारीगण, श्रमिक प्रतिनिधि आर0पी0 सिंह, राम सागर, अगर सिंह एवं सेवायोजक प्रतिनिधि नवीन गुप्ता, शरद जीत सिंह, राकेश बंसल सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।




जिलाधिकारी ने कहा कि जो प्रतिष्ठान कारखाना अधिनियम 1948 तथा उत्तर प्रदेश दुकान वाणिज्य एवं अधिष्ठान अधिनियम 1962 के अन्तर्गत आते हैं, वे अपने प्रतिष्ठानों का नियमानुसार पंजीयन अवश्य कराएं। इस संबंध में अपर श्रम आयुक्त ने जानकारी दी कि यदि पावर के साथ 20 या बिना पावर के साथ 40 श्रमिक कार्यरत हैं तो कारखाना अधिनियम 1948 लागू होता है। इसके क्रम श्रमिकों पर उत्तर प्रदेश दुकान वाणिज्य एवं अधिष्ठान अधिनियम 1962 लागू होता है। संबंधित सेवायोजक निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन पंजीयन शुल्क जमा कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक में श्रमिक प्रतिनिधियों ने शिकायत की कि श्रम कार्यालय में दी गई शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण नहीं हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का अतिशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।


SAHARA BUILDER & PROPERTIES™

ISO 9001:2008

PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# 'उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से हो'

## उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश




**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने उद्योग बंधुओं के समक्ष आ रही समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं की समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग बंधुओं की समस्याओं का निस्तारण निर्धारित समय अवधि में करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि उद्यमी मित्रों के माध्यम से भी निवेश मित्र पोर्टल पर आने वाले आवेदनों की मॉनिटरिंग कराई जाए और नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जो भी निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन लंबित चल रहे हैं, उसके संबंध में प्राधिकरणों को पत्र प्रेषित किया जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उद्यमियों व उद्योगों से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें।

बैठक में उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, प्राधिकरणों, श्रम विभाग, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारगण, अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के अलावा उद्यमी संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# एमिटी में 23वें राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड कार्यशाला का समापन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्रों की गणित विषय में रूचि विकसित करने के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एमिटी इंस्टीटयूट फॉर कंपटिटिव एक्जामिनेशन्स द्वारा एमिटी विश्वविद्यालय में कक्षा 5वी से 12 वी के छात्रों हेतु (23 मई से 30 मई 2025 तक) 23वें राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसका आज समापन हो गया।




इस अवसर पर ब्रहमोस के पूर्व सीईओ एवं एमडी सुधीर कुमार मिश्रा, एमिटी विद्यालय समूह की चेयरपरसन डा अमिता चौहान, आईआईटी पटना के निदेशक प्रो टी एन सिंह, आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर पी के दीक्षित, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती और एमिटी इंस्टीटयूट फॉर कंपटिटिव एक्जामिनेशन की निदेशक डा मीनाक्षी रावल द्वारा छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर गणित टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों और ग्लोबल टैलेंट सर्च एक्जामिनेशन के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

इस 23वें राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड कार्यशाला में एमिटी इंटरनेशनल स्कूलो, एमिटी ग्लोबल स्कूलों के अलावा टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, सेंट मैरी स्कूल सफदरजंग एनक्लेव, जी डी गोयनका स्कूल, द इंडियन स्कूल, मायो इंटरनेशनल स्कूल, बाल भवन पब्लिक स्कूल, एस्टर पब्लिक स्कूल, मार्डन स्कूल नोएडा, डीपीएस फरीदाबाद आदि से 300 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।

ब्रहमोस के पूर्व सीईओ एवं एमडी सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि छात्रों का गणित के प्रति रूचि को देखकर बेहद प्रसन्नता हुई, हमारे शास्त्रों में गणित को ईश्वर की भाषा कहा गया है आप सौभाग्यशाली है कि आपको ईश्वर की भाषा को जानने व बोलने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है।

एमिटी विद्यालय समूह की चेयरपरसन डा अमिता चौहान ने कहा कि यह कार्यशाला एक आनंद के साथ बौद्धिक शिविर था जहां आपने गणित की बारिकियों को सीखा। किसी भी अन्य संस्थान में आपको इस तरह के अवसर नही प्राप्त होते।

आईआईटी पटना के निदेशक प्रो टी एन सिंह ने कहा कि गणित विषय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की जननी है जो जटिल समस्याओ का निवारण आसानी से करता है। जीवन में अगर आपको सफल होना है तो आपको कार्य के प्रति समर्पित होना होगा। उदाहरण के तौर पर एमिटी विद्यालय समूह की चेयरपरसन का यह सर्मपण भाव ही है जिससे आज एमिटी विद्यालयों ने वैश्विक स्तर मुकाम हासिल किया है। उन्होने कहा कि आप में से हर छात्र एक बिना तराशा हीरे की तरह है जिसे यहां के शिक्षक तराश रहे है और जो आपके मूल्य को कई गुना बढ़ा देगा।

आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर पी के दीक्षित ने कहा कि किसी भी संस्थान की नींव वहां के छात्रों, शिक्षकों और संरचना पर आधारित होते है एमिटी आपको हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है इसलिए आप सर्वश्रेष्ठ बने।